भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

मार्च 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

संघ सरकार
राजस्व विभाग - प्रत्यक्ष कर
2013 की सं. 15

13 अगस्त 2013
AUG
..... को लोकसभा एवं राज्यसभा के पटल पर रखी गई

विषय सूची

विषय	पृष्ठ
प्राक्कथन	i
क. मुख्य बातें	iii-v
अध्याय I: प्रत्यक्ष कर प्रशासन	1-20
○ संघ सरकार के संसाधन	1
○ प्रत्यक्ष करों का स्वरूप	1-2
○ प्रत्यक्ष करों की वृद्धि - प्रवृत्तियां एवं रचना	2-6
○ प्रत्यक्ष कर की बजटिंग	7-8
○ प्रतिदायों पर ब्याज का गलत लेखांकन	8
○ कर व्यय	9-10
○ कर आधार का विस्तार और सुदृढ़ीकरण	11-13
○ कर ऋण - असंग्रहित मांग	13-14
○ संवीक्षा निर्धारणों का निपटान	15
○ विवादित मांग	16-17
○ आयकर विभाग की आईटी पहल	18
○ आन्तरिक लेखापरीक्षा की प्रभावकारिता	18-20
अध्याय II : लेखापरीक्षा अधिदेश, उत्पाद और प्रभाव	21-27
○ प्राप्तियों की लेखापरीक्षा हेतु सीएजी के प्राधिकार	21
○ वैधानिक प्रभाव	23
○ लेखापरीक्षा के कहने पर वसूली	23
○ त्रुटियों की घटना	23-24
○ लेखापरीक्षा पर प्रतिक्रिया	24-25
○ लेखापरीक्षा आपत्तियों का लंबन	26
○ कालबाधित उपचारात्मक कार्रवाई	26-27
○ अभिलेखों को उपलब्ध न कराना	27
अध्याय III: निगम कर से संबंधित निर्धारणों का विश्लेषण	29-43
○ निर्धारणों की गुणवत्ता	30-35
○ कर रियायतों/छूटों/कटौतियों का प्रशासन	35-39
○ चूकों के कारण निर्धारण से बचने वाली आय	40-42
○ कर/ब्याज का अधिप्रभार	43

अध्याय IV: आयकर और धनकर से संबंधित निर्धारणों का विश्लेषण	**45-53**
◎ निर्धारणों की गुणवत्ता	45-47
◎ कर रियायतों/छूटों/कटौतियों का प्रशासन	48-49
◎ चूकों के कारण निर्धारण से बचने वाली आय	50-51
◎ कर/ब्याज का अधिप्रभार	52
◎ धनकर का उद्ग्रहण न करना/कम उद्ग्रहण	53
परिशिष्ट	**55-104**

प्राक्कथन

मार्च 2012 को समाप्त हुए वर्ष के लिए यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 (1) के अन्तर्गत राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

संघ सरकार की राजस्व प्राप्तियाँ - प्रत्यक्ष करों की लेखापरीक्षा भारत के नियंत्रक - महालेखापरीक्षक (कर्त्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 16 के अन्तर्गत की जाती है।

इस प्रतिवेदन में प्रत्यक्ष करों के अन्तर्गत प्राप्तियों जिनमें निगम कर, आयकर और धनकर शामिल हैं, की लेखापरीक्षा के परिणाम प्रस्तुत किए गये हैं और इसे निम्नलिखित क्रम में व्यवस्थित किया गया है:-

(i) अध्याय I: प्रत्यक्ष कर प्रशासन;

(ii) अध्याय II: लेखापरीक्षा अधिदेश, उत्पाद और प्रभाव;

(iii) अध्याय III: निगम कर से संबंधित निर्धारणों का विश्लेषण; और

(iv) अध्याय IV: भाग क में आयकर और भाग ख में धनकर से संबंधित निर्धारणों का विश्लेषण।

इस प्रतिवेदन में शामिल किए गये मामले 2011-12 के दौरान और पूर्व वर्षों में की गई लेखापरीक्षा के परिणाम हैं जो पिछले प्रतिवेदनों में शामिल नहीं किए जा सके।

मुख्य बातें

इस प्रतिवेदन में वित्त लेखाओं, विभागीय लेखाओं, विभागीय एमआईएस, आर्थिक सर्वेक्षण तथा अनुपालन लेखापरीक्षाओं के निष्कर्षों से लिए गए आंकड़ों का प्रयोग करते हुए प्रत्यक्ष करों में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई है।

कुल कर प्राप्तियों में प्रत्यक्ष कर का हिस्सा वित्तीय वर्ष 03 में 38.42 *प्रतिशत* (₹ 0.83 लाख करोड़) से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में 55.56 *प्रतिशत* (₹ 4.94 लाख करोड़) हो गया जो प्रगतिशील कर प्रणाली को दर्शाता है।

प्रत्यक्ष कर के दो प्रमुख संघटक अर्थात निगम कर वित्तीय वर्ष 03 में ₹ 46,172 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में ₹ 322,816 करोड़ और आयकर वित्तीय वर्ष 03 में ₹ 36,866 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में ₹ 164,525 करोड़ हो गया।

वित्तीय वर्ष 03 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान कॉरपोरेट (84 से 79 *प्रतिशत)* और गैर-कॉरपोरेट (94 से 90 *प्रतिशत*) निर्धारितियों के लिए स्वैच्छिक अनुपालन घट गया। उसी अवधि के दौरान, कॉरपोरेट और गैर-कॉरपोरेट निर्धारितियों के आधार की औसत वार्षिक वृद्धि क्रमशः 6.7 *प्रतिशत* और 3.0 *प्रतिशत* थी।

हमने देखा कि प्रत्यक्ष करों का वास्तविक संग्रहण वित्तीय वर्ष 03, 05, 06, 09 तथा 12 को छोड़कर बजट प्राक्कलनों से बढ़ गया। बजट प्राक्कलनों से बढ़ा हुआ वास्तविक संग्रहण वित्तीय वर्ष 10 में 2.0 प्रतिशत से वित्तीय वर्ष 08 में 16.7 प्रतिशत के बीच था। तथापि संशोधित प्राक्कलन यथार्थ पाए गए थे।

कर छूट के कारण छोड़ा गया राजस्व पिछले वर्षों (वित्तीय वर्ष 11 को छोड़कर) की तुलना में निरपवाद रूप से कर बढ़ रहा है, परन्तु जीडीपी और प्रत्यक्ष कर की *प्रतिशतता* के रूप में कर व्यय वित्तीय वर्ष 08 के बाद से घट रहा है।

असंग्रहीत मांग वित्तीय वर्ष 08 में ₹ 124,274 करोड़ से बढ़ कर वित्तीय वर्ष 12 में ₹ 408,418 करोड़ हो गई, जिसमें से वित्तीय वर्ष 12 में 94 *प्रतिशत* की वसूली करना कठिन था।

निपटान हेतु लम्बित संवीक्षा निर्धारण वित्तीय वर्ष 11 में 3.92 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में 4.05 लाख हो गए। कुल 7.75 लाख संवीक्षा निर्धारण मामलों में से, विभाग ने वित्तीय वर्ष 12 में 3.7 लाख (47.7 *प्रतिशत*) मामलों का निपटान किया था।

सीआईटी (अपील) के पास लम्बित अपीलें वित्तीय वर्ष 08 में 1.30 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में 2.31 लाख हो गई। सीआईटी (अपील) द्वारा वित्तीय वर्ष 12 में केवल 75,518 अपीलों (24.7 *प्रतिशत*) का निपटान किया गया था। सीआईटी (अपील) के पास वित्तीय वर्ष 12 में अपील मामलों में अवरूद्ध राशि ₹ 2.42 लाख करोड़ थी।

हमने देखा कि लम्बित प्रत्यक्ष प्रतिदाय मामलों की संख्या वित्तीय वर्ष 08 में 8.3 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में 12.5 लाख हो गई।

आयकर विभाग के आन्तरिक लेखापरीक्षा विंग ने वित्तीय वर्ष 12 में 61.8 *प्रतिशत* लक्षित लेखापरीक्षाएं पूरी की।

आयकर विभाग ने हमारे द्वारा बताई गई निर्धारण की त्रुटियों को सुधारने के लिए उठाई गई मांग से पिछले पांच वर्षों में ₹ 2680.97 करोड़ (वित्तीय वर्ष 12 के ₹ 1,538 करोड़ सहित) की वसूली की।

आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 12 में 5.50 लाख संवीक्षा निर्धारण पूरे किए जिनमें से हमने 2.96 लाख मामलों की जांच की। लेखापरीक्षा में जांचे गए निर्धारण में गलतियाँ 0.18 लाख थी जो औसतन छः *प्रतिशत* थी।

इस प्रतिवेदन में मंत्रालय को जारी 455 उच्च मूल्य और महत्त्वपूर्ण मामलों की चर्चा की गई है। इनमें से मंत्रालय ने 311 मामले (68 *प्रतिशत*) स्वीकार कर लिए। 31 मामलों में, मंत्रालय ने लेखापरीक्षा आपत्ति स्वीकार नहीं की। 113 मामलों में, हमें अभी मई 2013 तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

हर वर्ष लेखापरीक्षा निष्कर्षों के उत्तर में लम्बित मामलों के संचय के परिणामस्वरूप 66,819 मामले इक्ट्ठे हो गए जिनमें 31 मार्च 2012 तक ₹ 49,887 करोड़ का राजस्व प्रभाव शामिल है।

वित्तीय वर्ष 12 के दौरान, ₹ 1,083 करोड़ के कर प्रभाव के 3907 मामले उपचारी कार्रवाई हेतु समयबाधित हो गए।

हमने निगम कर से संबंधित 325 उच्च मूल्य मामले बताए जिनमें ₹ 2,271.32 करोड़ का कर प्रभाव शामिल था। हमने इन मामलों को चार व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया जैसे निर्धारणों की गुणवत्ता जिसमें ₹ 486.02 करोड़ का कर प्रभाव (88 मामले) शामिल था, कर रियायत/छूट/कटौती का प्रशासन जिसमें ₹ 1,412.72 करोड़ का कर प्रभाव (162 मामले) शामिल था, चूक के कारण निर्धारण से बचने वाली आय जिसमें

₹ 337.52 करोड़ का कर प्रभाव (66 मामले) शामिल था तथा कर/ब्याज का अधिप्रभार जिसमें ₹ 35.06 करोड़ (नौ मामले) शामिल थे।

हमने आयकर से संबंधित 115 उच्च मूल्य मामले बताए जिनमें ₹ 593.30 करोड़ का कर प्रभाव शामिल था। हमने इन मामलों को चार व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया जैसे निर्धारणों की गुणवत्ता जिसमें ₹ 516.47 करोड़ का कर प्रभाव (40 मामले) शामिल था, कर रियायत/छूट/कटौती का प्रशासन जिसमें ₹ 53.90 करोड़ का कर प्रभाव (41मामले) शामिल था, चूक के कारण निर्धारण से बचने वाली आय जिसमें ₹ 18.94 करोड़ का कर प्रभाव (27 मामले) शामिल था तथा कर/ब्याज का अधिप्रभार जिसमें ₹ 3.99 करोड़ (सात मामले) शामिल थे। इसके अतिरिक्त, हमने धनकर के 15 मामले भी बताए जिनमें ₹ 35.19 लाख का कर प्रभाव शामिल था।

अध्याय II

प्रत्यक्ष कर प्रशासन

1.1 संघ सरकार के संसाधन

1.1.1 भारत सरकार के संसाधनों में संघ सरकार द्वारा प्राप्त सभी राजस्व, ट्रेजरी बिल जारी करके लिए गए सभी ऋण, आंतरिक एवं बाह्य ऋण तथा ऋण के पुनर्भुगतान में सरकार को प्राप्त सभी धन शामिल हैं। संघ सरकार के कर राजस्व संसाधनों में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष कर से प्राप्त राजस्व शामिल हैं। तालिका 1.1 संघ सरकार की प्राप्तियों का सारांश प्रस्तुत करती है, जो वित्तीय वर्ष 12 के लिए ₹ 52,83,774 करोड़[1] है। संघ सरकार की स्वयं की प्राप्तियाँ ₹ 8,89,118 करोड़ की सकल कर प्राप्तियों सहित ₹ 12,20,597 करोड़ थीं। यह कुल प्राप्तियों का केवल 23.10 *प्रतिशत* था। शेष 76.90 *प्रतिशत* प्राप्तियाँ उधारी के माध्यम से हुई।

करोड़ ₹

तालिका 1.1: संघ सरकार के संसाधन

क. कुल राजस्व प्राप्तियां	11,65,691
i. प्रत्यक्ष कर प्राप्तियाँ	*4,93,987*
ii. अन्य करों सहित अप्रत्यक्ष कर प्राप्तियाँ	*3,95,131*
iii. सहायता अनुदान एवं अंशदान सहितगैस-कर प्राप्तियाँ	*2,76,573*
ख. विविध पूँजीगत प्राप्तियाँ	18,088
ग. ऋण एवं अग्रिमों की वसूली	36,818
घ. सार्वजनिक ऋण प्राप्तियाँ	40,63,177
भारत सरकार की कुल प्राप्तियाँ (क+ख+ग+घ)	**52,83,774**

टिप्पणीः कुल राजस्व प्राप्तियों में सीधे राज्यों को सौंपे गए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों की निवल प्राप्तियों का ₹ 2,55,414 करोड़ का हिस्सा शामिल है।

1.1.2 राजस्व प्राप्तियाँ कर तथा गैर-कर दोनों स्रोतों से होती हैं। कर राजस्व में करों की आय तथा संघ सरकार द्वारा वसूले गए शुल्क शामिल हैं, अर्थात् आय एवं व्यय पर कर, सीमा शुल्क, संघ उत्पाद शुल्क इत्यादि।

1.2 प्रत्यक्ष करों का स्वरूप

1.2.1 संसद द्वारा उद्ग्रहीत प्रत्यक्ष करों में मुख्यतः शामिल हैं:

- कम्पनियों तथा व्यापारी संगठनों की आय पर उद्ग्रहीत **निगम कर**

[1] स्रोतः संघ वित्त लेखा का वित्तीय वर्ष 12

- व्यक्तियों, कम्पनियों के अतिरिक्त, नामतः व्यष्टि अथवा हिन्दू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ), फर्मों, सहकारी समितियों, न्यासों, व्यष्टियों के निकायों, व्यक्ति संघों तथा किसी की आवासीय स्थिति के आधार पर प्रत्येक कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति पर उद्ग्रहीत **आयकर।**

- धनकर[2], प्रतिभूति लेनदेन कर[3] आदि सहित अन्य प्रत्यक्ष कर। **अन्य प्रत्यक्ष करों** में फ्रिंज बेनिफिट टैक्स, बैंकिग नकद लेनदेन कर, व्यय कर, ब्याज कर, होटल प्राप्तियां कर तथा सम्पदा शुल्क भी शामिल हैं; जो सभी अब समाप्त कर दिए गए हैं।

1.3 विभाग के कार्य एवं उत्तरदायित्व

1.3.1 प्रत्यक्ष करों के प्रशासन का समग्र उत्तरदायित्व वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग (डीओआर) का है, जो केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी)/आयकर विभाग (आईटीडी) के माध्यम से कार्य करता है। *परिशिष्ट-1* में डीओआर/सीबीडीटी के प्रमुख कार्यों, भूमिका और उत्तरदायित्वों की संक्षिप्त पृष्ठभूमि दी गई है।

1.3.2 आईटीडी की कुल कर्मचारी संख्या 57,793 है। आयकर विभाग के अधिकारियों[4] की स्वीकृत तथा कार्यरत संख्या 31 मार्च 2012 को क्रमशः 8,638 तथा 7,251 थी। सीबीडीटी का संगठनात्मक ढांचा *परिशिष्ट-2* में दर्शाया गया है।

1.4 प्रत्यक्ष करों की वृद्धि - प्रवृत्तियां एवं रचना

1.4.1 निम्न तालिका 1.2 वित्तीय वर्ष 03 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान प्रत्यक्ष कर (डीटी) की सापेक्षिक वृद्धि दर्शाती है। हमने पाया कि जीटीआर के प्रति प्रत्यक्ष करों का हिस्सा इस अवधि के दौरान 38.42 *प्रतिशत* (₹ 0.83 लाख करोड़) से बढ़कर 55.56 *प्रतिशत* (₹ 4.94 लाख करोड़) हो गया। इसी अवधि के दौरान, सकल घरेलू उत्पाद[5] (जीडीपी) 15.20 प्रतिशत और जीटीआर 17.07 *प्रतिशत* बढ़ गया। इस प्रकार प्रत्यक्ष करों ने एक प्रभावी स्थिति बनाए रखी जो देश में एक मजबूत प्रतीक तथा प्रगतिशील कर प्रणाली का सूचक है।

---

[2] निवल धन पर प्रभार्य कर में धनकर अधिनियम की धारा 2(ईए) के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट कुछ परिसम्पत्तियां शामिल हैं।

[3] भारत में एक मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से खरीदी गई और बेची गई करयोग्य प्रतिभूतियों के मूल्य पर कर। तथापि, निर्धारण वर्ष 10 से धारा 88ई के अन्तर्गत कोई छूट अनुमत नहीं है।

[4] सीसीआईटी/डीजीआईटी, सीआईटी/डीआईटी, अतिरिक्त सीआईटी/जेसीआईटी, डीसीआईटी/ एसीआईटी तथा आईटीओज।

[5] जीडीपी आधार वर्ष 2004-05 के साथ वर्तमान बाज़ार मूल्यों पर आधारित है, जैसा कि केन्द्रीय सांख्यकीय संगठन द्वारा जनवरी 2013 में बताया गया और 2012-13 के आर्थिक सर्वेक्षण में दर्शाया गया है।

तालिका 1.2: प्रत्यक्ष कर की वृद्धि करोड़ ₹

वर्ष	प्रत्यक्ष कर	जीडीपी	जीडीपी के *प्रतिशत* के रूप में प्रत्यक्ष कर	जीटीआर	जीटीआर के *प्रतिशत* के रूप में प्रत्यक्ष कर
वि.व 03	83,089	25,30,663	3.28	216,266	38.42
वि.व 04	105,089	28,37,900	3.70	254,348	41.32
वि.व 05	132,771	32,42,209	4.10	304,958	43.54
वि.व 06	165,216	36,93,369	4.47	366,152	45.12
वि.व 07	230,195	42,94,706	5.36	473,512	48.61
वि.व 08	312,217	49,87,090	6.26	593,147	52.64
वि.व 09	333,857	56,30,063	5.93	605,298	55.16
वि.व 10	377,594	64,77,827	5.83	624,527	60.46
वि.व 11	445,995	77,95,313	5.72	793,307	56.22
वि.व 12	493,987	89,74,947	5.50	889,118	55.56

1.4.2 निम्न तालिका 1.3 वित्तीय वर्ष 03 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान प्रत्यक्ष करों और अपने प्रमुख संघटकों जैसे निरपवाद रूप से निगम कर (सीटी) और आयकर (आईटी)[6] और जीडीपी की तुलना में वृद्धि को दर्शाती है। सीटी 24.60 *प्रतिशत* तक और आईटी 19.02 *प्रतिशत* तक बढ़ गया। इसी अवधि के दौरान, कॉरपोरेट निर्धारिती आधार 2.35 *प्रतिशत* था तथा गैर-कॉरपोरेट निर्धारिती आधार 2.87 *प्रतिशत* था।

तालिका 1.3: प्रत्यक्ष कर प्राप्तियों की और इसके मुख्य संघटकों की वृद्धि

करोड़ ₹

वर्ष	प्रत्यक्ष कर	पिछले वर्ष की *प्रतिशत* वृद्धि	सीटी	पिछले वर्ष की *प्रतिशत* वृद्धि	आयकर	पिछले वर्ष की *प्रतिशत* वृद्धि
वि.व 03	83,089	-	46,172	-	36,866	-
वि.व 04	105,089	26.48	63,562	37.66	41,387	12.26
वि.व 05	132,771	26.34	82,680	30.08	49,268	19.04
वि.व 06	165,216	24.44	101,277	22.49	55,985	13.63
वि.व 07	230,195	39.33	144,318	42.50	75,093	34.13
वि.व 08	312,217	35.63	192,911	33.67	102,659	36.71
वि.व 09	333,857	6.93	213,395	10.62	106,075	3.33
वि.व 10	377,594	13.10	244,725	14.68	122,417	15.41
वि.व 11	445,995	18.12	298,688	22.05	139,102	13.63
वि.व 12	493,987	10.76	322,816	8.08	164,525	18.28

[6] *परिशिट-3* निर्धारण वर्ष 03 से निर्धारण वर्ष 12 के लिए कॉरपोरेट और गैर-कॉरपोरेट निर्धारितियों के लिए कर की दरें दर्शाता है।

जीडीपी *प्रतिशतता* के अनुसार

वर्ष	प्रत्यक्ष कर	सीटी	आईटी
वि.व 03	3.28	1.82	1.46
वि.व 04	3.70	2.24	1.46
वि.व 05	4.10	2.55	1.52
वि.व 06	4.47	2.74	1.52
वि.व 07	5.36	3.36	1.75
वि.व 08	6.26	3.87	2.06
वि.व 09	5.93	3.79	1.88
वि.व 10	5.83	3.78	1.89
वि.व 11	5.72	3.83	1.77
वि.व 12	5.50	3.60	1.83

1.4.3 नीचे तालिका 1.4 निगम तथा आयकर दोनों के संबंध में विभिन्न तरीकों {स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), अग्रिम कर, स्व निर्धारण कर, नियमित निर्धारण कर} के माध्यम से प्रत्यक्ष कर संग्रहण की वृद्धि दर्शाती है। अग्रिम कर, स्व-निर्धारण कर तथा टीडीएस के माध्यम से संग्रहण, मोटे तौर पर प्रणाली में स्वैच्छिक अनुपालन की डिग्री का सूचक है। नियमित निर्धारण विधि के माध्यम से किया गया कर संग्रहण निर्धारण पर होता है।

1.4.4 वित्तीय वर्ष 03 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान कॉरपोरेट (84 से 79 *प्रतिशत*) और गैर- कॉरपोरेट (94 से 90 *प्रतिशत*) निर्धारिती के लिए स्वैच्छिक अनुपालन में कमी आई। इसी अवधि के दौरान कॉरपोरेट और गैर-कॉरपोरेट निर्धारितियों के आधार की औसत वार्षिक वृद्धि क्रमशः 6.7 *प्रतिशत* और 3.0 *प्रतिशत* थी।

1.4.5 निम्न तालिका 1.4 दर्शाती है कि अग्रिम कर वित्तीय वर्ष 11 में कुल कॉरपोरेट संग्रहण के 51.87 *प्रतिशत* से थोड़ा सा बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में 52.47 *प्रतिशत* हो गया। नियमित कर वित्तीय वर्ष 11 में कुल कॉरपोरेट संग्रहण के 11.80 *प्रतिशत* से घट कर वित्तीय वर्ष 12 में 10.05 *प्रतिशत* हो गया।

तालिका 1.4: कॉरपोरेट निर्धारिती संग्रहण

₹ करोड़

वर्ष	टीडीएस	अग्रिम कर	स्वनिर्धारण कर	नियमित निर्धारण कर	संग्रहण
वि.व 03	8,961	40,625	3,026	8,926	62,950
वि.व 04	11,934	49,004	5,184	13,477	82,231
वि.व 05	14,654	73,934	4,815	2,888	1,05,189
वि.व 06	26,908	68,013	5,549	18,624	1,24,837
वि.व 07	29,048	96,568	6,954	24,725	1,74,935
वि.व 08	44,148	128,105	11,455	18,518	2,23,941
वि.व 09	60,088	122,697	18,451	12,633	2,42,304
वि.व 10	60,850	148,791	20,159	24,995	2,88,162
वि.व 11	68,313	184,263	23,056	41,916	3,55,266
वि.व 12	91,974	208,886	13,632	40,030	3,98,116

टिप्पणीः उपरोक्त आंकड़े संबंधित वर्ष के दौरान प्र. सीसीए, सीबीडीटी से प्राप्त हुए थे। संग्रहण के आंकड़ों में अधिभार और उपकर सहित अन्य प्राप्तियाँ भी शामिल हैं।

कुल संग्रहण के *प्रतिशत* के अनुसार

वर्ष	टीडीएस	अग्रिम कर	स्वनिर्धारण कर	नियमित निर्धारण कर
वि.व 03	14.24	64.54	4.81	14.18
वि.व 04	14.51	59.59	6.30	16.39
वि.व 05	13.93	70.29	4.58	2.75
वि.व 06	21.55	54.48	4.44	14.92
वि.व 07	16.61	55.20	3.98	14.13
वि.व 08	19.71	57.20	5.12	8.27
वि.व 09	24.80	50.64	7.61	5.21
वि.व 10	21.12	51.63	7.00	8.67
वि.व 11	19.23	51.87	6.49	11.80
वि.व 12	23.10	52.47	3.42	10.05

1.4.6 निम्न तालिका 1.5 दर्शाती है कि टीडीएस संग्रहण वित्तीय वर्ष 11 में कुल गैर-कॉरपोरेट संग्रहण के 63.26 *प्रतिशत* से घट कर वित्तीय वर्ष 12 में 58.83 *प्रतिशत* हो गया। अग्रिम कर वित्तीय वर्ष 11 में कुल गैर-कॉरपोरेट संग्रहण के 17.82 *प्रतिशत* से बढ़ कर वित्तीय वर्ष 12 में 23.51 *प्रतिशत* हो गया।

तालिका 1.5: गैर-कॉरपोरेट निर्धारितियों का संग्रहण

करोड़ ₹

वर्ष	टीडीएस	अग्रिम कर	स्वनिर्धारित कर	नियमित निर्धारित कर	संग्रहण
वि.व. 03	27,607	8,533	3,388	1,819	42,119
वि.व. 04	31,021	9,709	4,668	2,538	48,454
वि.व. 05	29,319	16,100	5,229	3,118	55,273
वि.व. 06	31,698	19,071	6,069	3,488	62,457
वि.व. 07	41,641	24,659	6,871	5,671	81,697
वि.व. 08	60,593	30,015	9,670	7,202	112,910
वि.व.09	68,142	20,635	12,328	8,704	116,225
वि.व. 10	84,885	24,626	12,349	8,279	136,551
वि.व. 11	100,356	28,275	13,831	9,922	158,632
वि.व. 12	106,705	42,640	14,016	11,482	181,383

नोटः उपरोक्त आंकडे संबंधित वर्ष के दौरान प्र. सीसीए, सीबीडीटी से प्राप्त किये गये थे। संग्रहण के आंकडों में अधिभार और कर सहित अन्य प्राप्तियां भी शामिल हैं।

कुल संग्रहण के *प्रतिशत* के अनुसार

वर्ष	टीडीएस	अग्रिम कर	स्वनिर्धारित कर	नियमित निर्धारित कर
वि.व. 03	65.55	20.26	8.04	4.32
वि.व. 04	64.02	20.04	9.63	5.24
वि.व. 05	53.04	29.13	9.46	5.64
वि.व. 06	50.75	30.53	9.72	5.58
वि.व. 07	50.97	30.18	8.41	6.94
वि.व. 08	53.66	26.58	8.56	6.38
वि.व. 09	58.63	17.75	10.61	7.49
वि.व.10	62.16	18.03	9.04	6.06
वि.व.11	63.26	17.82	8.72	6.25
वि.व. 12	58.83	23.51	7.73	6.33

1.4.7 *सीबीडीटी ने कहा (अप्रैल 2013) कि यह नहीं माना जा सका कि अग्रिम कर, स्वनिर्धारण कर और टीडीएस के माध्यम से संग्रहण मोटे तौर पर स्वैच्छिक अनुपालन का सूचक है और वह टीडीएस के प्रावधानों को सुनिश्चित करने और कर दायरे में अधिक करदाताओं को लाने के लिए तेज़ी से कार्रवाई कर रहा था।*

1.5 प्रत्यक्ष कर की बजटिंग

1.5.1 बजट सरकार की दृष्टि एवं अभिप्राय को प्रदर्शित करता है। राजस्व बजट में सरकार की राजस्व प्राप्तियां (कर राजस्व और अन्य राजस्व) और इन राजस्वों से किए गए व्यय शामिल हैं। बजट प्राक्कलनों की तदनुरूपी वास्तविक संग्रहण से तुलना राजकोषीय विवेक की गुणवत्ता का द्योतक है। निम्न चार्ट 1.1 बजट प्राक्कलनों (बीई), संशोधित प्राक्कलनों (आरई) तथा प्रत्यक्ष करों का वास्तविक संग्रहण दर्शाता है।

चार्ट 1.1: बजट प्राक्कलन, संशोधित प्राक्कलन तथा प्रत्यक्ष करों का वास्तविक संग्रहण (₹ करोड़ में)



1.5.2 प्रत्यक्ष करों का वास्तविक संग्रहण वित्तीय वर्ष 03, 05, 06, 09 तथा 12 को छोड़कर सभी वर्षों में बजट प्राक्कलनों से बढ़ गया। बजट प्राक्कलनों से बढ़े हुए संग्रहण वित्तीय वर्ष 10 में 2.0 *प्रतिशत* से लेकर वित्तीय वर्ष 08 में 16.7 *प्रतिशत* के बीच थे। संशोधित प्राक्कलन वित्तीय वर्ष 03 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान संशोधित प्राक्कलनों के (-) 3.23 *प्रतिशत* से 2.45 *प्रतिशत* के बीच के वास्तविक संग्रहण में अंतर के प्रति वास्तविक पाये गए। निम्न तालिका 1.6 इनका विवरण दर्शाती है।

तालिका 1.6: वास्तविक संग्रहण की तुलना में बजट प्राक्कलन, संशोधित प्राक्कलन

करोड़ ₹

वर्ष	बीई	आरई	वास्तविक	वास्तविक ऋण बीई	वास्तविक ऋण आरआई	बीई के प्रतिशत के रूप में अंतर	आरई के प्रतिशत के रूप में अंतर
वि.व. 03	91,585	82,445	83,089	(-) 8,496	644	(-) 9.28	0.78
वि.व. 04	95,714	103,400	105,089	9,375	1,689	9.79	1.63
वि.व. 05	139,510	133,929	132,771	(-) 6,739	(-) 1,158	(-) 4.83	(-) 0.86
वि.व. 06	177,077	170,077	165,216	(-) 11,861	(-) 4,861	(-) 6.70	(-) 2.86
वि.व. 07	210,684	229,272	230,195	19,511	923	9.26	0.40
वि.व. 08	267,490	304,760	312,217	44,727	7,457	16.72	2.45
वि.व. 09	365,000	345,000	333,857	(-) 31,143	(-) 11,143	(-) 8.53	(-) 3.23
वि.व. 10	370,000	387,008	377,594	7,594	(-) 9,414	2.05	(-) 2.43
वि.व. 11	430,000	446,000	445,995	15,995	(-) 5	3.72	0.00
वि.व. 12	532,651	500,651	493,987	(-) 38,664	(-) 6,664	(-) 7.26	(-) 1.33

टिप्पणी: बजट एवं संशोधित प्राक्कलनों के आंकड़े संबंधित प्राप्ति बजट के अनुसार हैं तथा वास्तविक संग्रहण संबंधित वित्त लेखाओं के अनुसार है।

1.6 प्रतिदायों पर ब्याज का गलत लेखांकन

1.6.1 ब्याज भुगतान[7] भारत की समेकित निधि पर एक प्रभार होता है और इसलिए एक समुचित बजटीय तंत्र के माध्यम से देय होता है। तद्नसार, लघु-शीर्ष "प्रतिदायों पर ब्याज" को मुख्य शीर्ष "2020-आय एवं व्यय पर करों के संग्रहण" के अंतर्गत प्रचालित करना होता है। तथापि, वित्तीय वर्ष 12 के बजट प्राक्कलनों में "प्रतिदाय पर ब्याज" के लिए कोई बजट प्रावधान नहीं किया गया था और प्रतिदायों के ब्याज पर ₹ 6,486 करोड़ का व्यय, राजस्व में कटौती के रूप में माना गया था। राजस्व में कटौती के रूप में प्रतिदाय पर ब्याज का लेखांकन गलत है क्योंकि यह ब्याज कभी भी संग्रहीत नहीं किया गया था। पीएसी भी पैराग्राफ[8] की जाँच करते हुए सीएजी के विचारों से सहमत हुई कि ब्याज व्यय की एक मद है और इसे सकल कर संग्रहण से नहीं घटाया जाना चाहिए।

***1.6.2** सीबीडीटी ने कहा (अप्रैल 2013) कि मामले का पीएसी के निदेशानुसार स्पष्टीकरण देने के लिए एलडी महान्यायवादी के साथ अनुसरण किया जा रहा है ताकि समुचित नीति निर्णय शीघ्र किया जा सके।*

---

[7] हमने पहले कहा था कि सरकार 2004, 2005, 2006, 2007, 2008, 2009, 2009-10, 2010-11 और 2011-12 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में प्रतिदाय पर दिये गये ब्याज के लिए लेखांकन की गलत प्रक्रिया का पालन कर रही है।

[8] संघ सरकार - संघ सरकार (सिविल) के लेखे 2011-12 की रिपोर्ट सं. 1 का पैराग्राफ सं. 4.1.1

1.7 कर व्यय

1.7.1 किसी कर प्रणाली का मुख्य उद्देश्य सरकारी व्ययों की निधि पूर्ति हेतु आवश्यक राजस्व की वसूली करना है। वसूल की गई राजस्व की राशि कर आधार एवं कर दरों द्वारा काफी हद तक निर्धारित की जाती है। उपायों की श्रेणियां-विशेष कर दरें, छूटें, कटौतियां, छूट, स्थगन और क्रेडिट जो कर के स्तर और वितरण को प्रभावित करते हैं भी कर प्रणाली का एक कार्य है। इन उपायों को "कर अधिमान" कहते हैं।

1.7.2 अन्य बातों के साथ-साथ आयकर अधिनियम में व्यष्टियों, निर्यात, संतुलित क्षेत्रीय विकास, अवसंरचना सुविधाओं का सृजन, वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास, सहकारिता क्षेत्र और पूँजी निवेश के लिए वर्द्धित मूल्यह्रास द्वारा बचत के प्रोत्साहन के लिए कर अधिमान के लिए प्रावधान है। इन अधिकांश कर लाभों का कॉरपारेट और गैर कॉरपारेट दोनों करदाताओं द्वारा लाभ उठाया जा सकता है।

1.7.3 राजकोषीय जिम्मेदारी और बजट प्रबंधन अधिनियम 2003, की आवश्यकता है कि केन्द्रीय सरकार को जनहित में अपने वित्तीय संचालन में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त उपाय करने चाहिए और जहाँ तक संभव हो, अनुदान के लिए मांग और वार्षिक वित्तीय विवरण तैयार करने में गोपनीयता को कम करें। 13वें वित्त आयोग ने भी कर व्यय की गणना और उसके प्रकटन में अधिक पारदर्शी प्रणाली को अपनाने की सिफारिश की है।

1.7.4 संघ की बजट प्राप्ति वित्तीय वर्ष 06 से कर व्यय का विवरण दर्शाती है जो केवल कुल मुख्य करों का अनुमान लगाती है। ये प्राक्कलन हाल के वर्षों में कॉरपोरेट तथा गैर-कॉरपोरेट निर्धारितियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से फाइल की गई रिटर्नों पर आधारित हैं। कर छूटों के कारण छोड़ा गया राजस्व निर्विवाद रूप से कई वर्षों (वित्तीय वर्ष 11 को छोड़कर) से बढ़ रहा है, लेकिन जीडीपी की *प्रतिशतता* के रूप में कर व्यय और प्रत्यक्ष कर में वित्तीय वर्ष 08 के बाद गिरावट आ रही है जैसाकि तालिका 1.7 में दर्शाया गया है।

तालिका 1.7: कर व्यय

करोड़ ₹

वर्ष	कुल कर व्यय	कर व्यय *प्रतिशत* के अनुसार		
		जीडीपी	डीटी	जीटीआर
वि.व. 06	49,800	1.35	30.14	13.60
वि.व. 07	77,177	1.80	33.53	16.30
वि.व. 08	100,256	2.01	32.11	16.90
वि.व. 09	104,471	1.86	31.29	17.26
वि.व. 10	118,023	1.82	31.26	18.90
वि.व. 11	94,738	1.22	21.24	11.94
वि.व. 12	101,140	1.13	20.47	11.38

नोटः आंकडे बजट प्राप्तियों के अनुसार हैं।

1.7.5 कॉरपोरेट निर्धारितियों के संबंध में संघ प्राप्ति बजट 2013-14 में कर व्यय विवरण नवम्बर 2012 तक इलैक्ट्रॉनिक रूप में फाईल की गई 4.95 लाख कॉरपोरेट रिटर्नों (वित्तीय वर्ष 12) के नमूना डॉटा के आधार पर है। नमूना 31 मार्च 2012 को कम्पनियों के रजिस्ट्रार (आरओसी) के साथ पंजीकृत देश में 8.0 लाख कार्यकारी कम्पनियों[9] से काफी कम है। इसी प्रकार, गैर-कॉरपोरेट निर्धारितियों का नमूना भी नवम्बर 2012 तक इलैक्ट्रॉनिक रूप से फाईल की गई रिटर्नों के आधार पर है।

1.7.6 प्रभावी कर दर (ईटीआर) सभी कर व्यय के उपयोग के बाद कॉरपोरेट निर्धारितियों पर पड़ती कर की दर है। कम्पनियों[10] के लिए ईटीआर 32.44 *प्रतिशत* की सांविधिक कर दर के प्रति वित्तीय वर्ष 12 में 22.85 *प्रतिशत* (वित्तीय वर्ष 11 में 24.10 *प्रतिशत* से घटकर) थी।

1.7.7 *सीबीडीटी ने कहा (अप्रैल 2013) कि ऐसा बड़ी संख्या में घाटा उठाने वाली कम्पनियों तथा अधिभार को 7.5 प्रतिशत से घटा कर 5 प्रतिशत करने के कारण है।* यह स्थापित नहीं हो सका कि क्या ये ईटीआर में इतनी अधिक कमी के पर्याप्त कारण थे, और यह कॉरपोरेट क्षेत्र में बढ़ती हुई कर प्राथमिकताओं को दर्शाता है।

1.8 कर व्यय के परिणाम की मॉनिटरिंग

1.8.1 कर व्यय की दक्षता और प्रभावकारिता की समयानुसार जांच/आकलन करने की आवश्यकता है क्योंकि इसमें जोखिम निहित होता है। इन व्ययों के स्वामित्व के संबंध में स्पष्टता की भी कमी है क्योंकि वे अंतर-मंत्रालयी परामर्शों के साथ कर संविधियों के अंतर्गत आते हैं परन्तु किसी निश्चित जिम्मेदारी का पालन किये बिना।

1.8.2 *लेखापरीक्षा के इस प्रश्न के उत्तर में कि क्या कर लाभ के प्रभाव को मॉनीटर करने के लिए ऐसा कोई समीक्षा तंत्र विद्यमान था, सीबीडीटी ने कहा (मार्च 2013) कि राजस्व विभाग ने कर प्रोत्साहनों के कारण छोड़े गए राजस्व का अनुमान लगाने के लिए एक वार्षिक प्रयोग किया जिसे छोड़े गए राजस्व विवरण में दर्शाया गया था। तथापि, उन्होंने स्वीकार किया कि किसी विशेष सेक्टर अथवा क्षेत्र पर इन प्रोत्साहनों के प्रभाव के परिणामों का मंत्रालय द्वारा मॉनीटर करना होता है जो राजस्व विभाग को नियमित फीडबैक नहीं देता।* अतः लेखापरीक्षा कि यह चिन्ता अनुचित नहीं है कि महत्त्व के इस क्षेत्र की पर्याप्त मॉनीटरिंग नहीं की जा रही जिससे कर लाभ प्रदान करने से होने वाले लाभ का आश्वासन दिया जा सके।

---

[9] स्रोतः कॉरपोरेट मामलों से सम्बन्धित मंत्रालय (आर एवं ए प्रभाग)

[10] स्रोतः बजट प्राप्तियां 2013-14

1.9 कर रियायतों/छूटों/कटौतियों का प्रशासन

1.9.1 हमारी अनुपालन लेखापरीक्षा में, हम नियमित रूप से जांच करते हैं कि आयकर विभाग उन कर छूटों का संचालन कैसे कर रहा है, जो वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए नीति अभिधारणाओं द्वारा संचालित होती हैं। हमने वित्तीय वर्ष 12 के दौरान आयकर विभाग के क्षेत्रीय संघटकों की लेखापरीक्षा के दौरान देखा कि निर्धारण अधिकारियों ने उन लाभभोगियों को कर छूटों का लाभ प्रदान किया जो उनके हकदार नहीं हैं। इसके ब्यौरों का वर्णन अध्याय III और IV के पैराग्राफ क्रमशः 3.3.1 और 4.3.1 में किया गया है। इन मामलों में, हमने उन कॉरपोरेट निर्धारितियों से संबंधित 162 ऐसे मामले देखे जिन्होंने ₹ 1412.72 करोड़ की राशि की अनुपयुक्त रियायतों/छूटों/कटौतियों का लाभ उठाया और 41 ऐसे मामले देखे जो गैर कॉरपोरेट निर्धारितियों से संबंधित थे जिन्होंने कुल ₹ 53.9 करोड़ का लाभ उठाया।

1.10 कर आधार का विस्तार और सुदृढ़ीकरण

1.10.1 विभाग के पास निर्धारिती आधार को बढ़ाने के लिए कई तंत्र उपलब्ध थे जिनमें सर्वेक्षण, अन्य कर विभागों के साथ सूचना बांटना और वार्षिक सूचना रिटर्नों में उपलब्ध तीसरी पार्टी की जानकारी शामिल है। स्वचालन एक दूसरे को अच्छी तरह से जोड़ने[11] को सरल भी बनाता है। उनमें से अधिकतर तंत्र निर्धारण अधिकारियों के स्तर पर उपलब्ध हैं। आयकर विभाग ने पिछले एक दशक के दौरान मुख्य आईटी पहलों का उत्तरदायित्व लिया जिसे वे कर आधार के विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु प्रयोग कर सकते थे।

1.10.2 निम्न तालिका 1.8 और 1.9 विभिन्न श्रेणियों में गैर-कॉरपोरेट और कॉरपोरेट निर्धारितियों के विवरण दर्शाती है।

---

[11] ई-टीडीएस से टीडीएस रिटर्न के गैर दाखिलकर्ता बड़े निगमों और गैर-कॉरपोरेट कटौतीकर्ता द्वारा जमा टीडीएस के वार्षिक तुलनात्मक आंकड़ों, उनके द्वारा बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु टीएएन डॉटा का मिलान करना, पैन डॉटा आधार के साथ कर रिटर्नों का मिलान और कटौतीदाता की रिटर्न के साथ टीडीएस कटौतियों पर कटौतीकर्ता द्वारा जमा रिटर्न के मिलान संबंधी जानकारी।

तालिका 1.8: गैर-कॉरपोरेट निर्धारिती

आंकड़े लाख में

वर्ष	ए[12]	बी[13]	बी[14]	सी[15]	डी[16]	कुल
वि.व.03	255.25	16.94	4.95	0.88	2.98	281.00
वि.व. 04	265.46	17.99	3.68	1.05	0.12	288.30
वि.व. 05	243.63	18.30	4.66	1.22	0.14	267.95
वि.व. 06	258.98	20.74	6.48	5.62	2.13	293.95
वि.व. 07	273.30	20.91	6.96	5.79	2.00	308.96
वि.व. 08	287.90	31.38	10.09	2.18	0.10	331.65
वि.व. 09	278.36	31.15	10.93	2.67	0.12	323.23
वि.व. 10	283.72	35.64	14.58	3.11	0.12	337.17
वि.व. 11	271.29	38.36	17.78	4.49	0.12	332.04
वित्तीय वर्ष 12	267.68	60.26	21.23	6.57	1.87	357.61

तालिका 1.9 कॉरपोरेट निर्धारिती

आंकड़े लाख में

वर्ष	ए[17]	बी[18]	बी[19]	सी[15]	डी[16]	कुल	₹ 25 लाख से अधिक आय वाले निर्धारिती	31 मार्च तक आरओसी के अनुसार कार्य कर रही कंपनियों की संख्या
वि.व. 03	1.83	0.84	0.45	0.39	0.14	3.65	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
वि.व. 04	2.00	0.81	0.44	0.44	0.03	3.72	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
वि.व. 05	2.05	0.76	0.43	0.54	0.02	3.80	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
वि.व. 06	1.99	0.78	0.46	0.68	0.02	3.93	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
वि.व. 07	2.05	0.78	0.47	0.68	0.02	4.00	0.10	7.44
वि.व. 08	3.16	0.70	0.51	0.59	0.02	4.98	0.08	7.69
वि.व. 09	1.67	0.59	0.48	0.51	0.03	3.28	0.07	7.50
वि.व.10	1.84	0.65	0.61	0.56	0.02	3.68	0.09	8.40
वि.व.11	1.69	0.76	0.67	0.62	0.02	3.76	0.22	7.20
वि.व. 12	2.95	0.91	0.96	1.00	0.03	5.85	0.14	8.01

---

[12] श्रेणी 'ए' निर्धारिती- ₹ 2 लाख से नीचे आय/हानि का निर्धारण।

[13] श्रेणी 'बी' निर्धारिती (कम आय समूह)- ₹ 2 लाख और उससे अधिक परन्तु ₹ 5 लाख से कम आय/हानि का निर्धारण

[14] श्रेणी 'बी' निर्धारिती-₹ 5 लाख से अधिक और ₹ 10 लाख से कम आय/हानि का निर्धारण।

[15] श्रेणी 'सी' निर्धारिती- ₹ 10 लाख और इससे अधिक आय/हानि का निर्धारण

[16] श्रेणी 'डी' निर्धारिती-तालाशी और जब्ती निर्धारण

[17] श्रेणी 'ए' निर्धारिती- ₹ 50,000 से कम आय/हानि का निर्धारण;

[18] श्रेणी 'बी' निर्धारिती (कम आय समूह) - ₹ 50,000 और अधिक परंतु ₹ 5.00 लाख से कम आय/हानि का निर्धारण

[19] श्रेणी 'बी' निर्धारिती (उच्च आय समूह) - ₹ 5.00 लाख और अधिक परंतु ₹ 10.00 लाख से कम आय/ हानि का निर्धारण

1.10.3 गैर-कॉरपोरेट निर्धारिती आधार[20] ने वित्तीय वर्ष 03 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान 3.03 *प्रतिशत* की वार्षिक औसत वृद्धि दर्शाई जबकि कॉरपोरेट निर्धारिती आधार इस अवधि के दौरान बढ़कर 6.7 *प्रतिशत* हो गया। "ग" श्रेणी के गैर-कॉरपोरेट निर्धारिती वित्तीय वर्ष 07 में 5.79 लाख से तेज़ी से घट कर वित्तीय वर्ष 08 में 2.18 लाख हो गए और वित्तीय वर्ष 12 में धीरे-धीरे बढ़कर 6.57 लाख हो गए। तथापि, ₹ 25 लाख से अधिक की आय वाले कॉरपोरेट निर्धारितियों की संख्या वित्तीय वर्ष 11 में 0.22 लाख से घट कर वित्तीय वर्ष 12 में 0.14 लाख हो गई। कॉरपोरेट निर्धारितियों की संख्या आरओसी के पास पंजीकृत कम्पनियों की संख्या से भिन्न है। विभाग अन्तर का समाधान करने में विफल रहा।

1.10.4 *सीबीडीटी ने कहा (अप्रैल 2013) कि मिलान का कार्य प्रक्रियाधीन है।*

1.11 निर्धारण से बचने वाली आय

1.11.1 किसी भी ठोस कर प्रशासन प्रणाली का उद्देश्य निर्धारितियों द्वारा करों के अपवंचन से बचने, राजस्व के सर्वोत्तम हित में प्राप्तियोग्य कर के निर्धारण तथा कर न देने वाले अथवा कम कर देने वाले निर्धारितियों को अपने अधिकार क्षेत्र में लाने के लिए कर आधार को व्यापक और गहरा बनाने के लिए सकारात्मक कार्रवाई करनी होती है। वित्तीय वर्ष 12 के लिए हमारी अनुपालन लेखापरीक्षा में, हमने ऐसे कई मामले देखे जहां विभाग के भाग पर ऐसे प्रयास नहीं किए गए थे।

1.11.2 हमने अध्याय-III में कॉरपोरेट निर्धारितियों के 66 मामले सूचित किए जिनकी आय का निर्धारण नहीं किया गया था/कम निर्धारण किया गया था जिसका कर प्रभाव ₹ 337.52 करोड़ था (पैराग्राफ 3.4.1 देखें) और गैर-कॉरपोरेट निर्धारितियों के 27 मामले सूचित किए जिनकी आय लगभग ₹ 18.94 करोड़ कम निर्धारित की गई थी (पैराग्राफ 4.4.1 देखें)। इसके अतिरिक्त, हमने वित्तीय वर्ष 12 के दौरान अनुपालन लेखापरीक्षा में टीडीएस/टीसीएस के प्रावधानों को कार्यान्वित करने में चूक के 803 मामले देखे जिनका कर प्रभाव ₹ 629.69 करोड़ था (पैराग्राफ 2.6.4, *परिशिष्ट-7* देखें) जिसके कारण आय के कर निर्धारण से बचने को नहीं रोका जा सका।

1.12 कर ऋण - असंग्रहित मांग

1.12.1 अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों जैसे संग्रहण और बकाया मांग[21] की वसूली अर्थात निर्धारिती की चल और अचल सम्पत्ति की कुर्की या बिक्री, निर्धारिती की सम्पत्तियों और कारावास के प्रबंधन के लिए प्राप्तकर्ता की नियुक्ति के बावजूद

---

[20] स्त्रोतः आयकर (कानूनी एवं अनुसंधान) निदेशालय, अनुसंधान एवं सांख्यिकीय विंग

[21] स्रोतः सीएपी I

असंग्रहित मांग बढ रही है। अधिनियम के अन्तर्गत दी गई शक्तियों के प्रयोग के बावजूद कर मांग लम्बी अवधि तक वसूली नहीं जाती। नीचे तालिका 1.10 वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 12 की अवधि के दौरान लम्बित असंग्रहित मांग की प्रवृत्ति दर्शाती है।

तालिका 1.10: असंग्रहित मांग की स्थिति

करोड़ ₹

वर्ष	पूर्व वर्षों के संग्रहण हेतु लम्बित मांग	चालू वर्ष के संग्रहण हेतु लम्बित मांग	कुल लम्बित मांग	मांग जिसकी वसूली कठिन है *(प्रतिशत)*
वि.व.08	86859	37415	124274	उ.न.
वि.व.09	93344	107932	201276	187575 (93.19 %)
वि.व.10	181612	47420	229032	212758 (92.89 %)
वि.व.11	202859	88770	291629	271143 (92.98 %)
वि.व.12	265040	143378	408418	387614 (94.91 %)

1.12.2 कुल लम्बित माँग में से, विभाग ने इंगित किया कि वित्तीय वर्ष 12 में 94 *प्रतिशत* से अधिक की वसूली कठिन है। विभाग ने विभिन्न कारकों की तरफ संकेत किया जैसे वसूली के लिए अपर्याप्त परिसंपत्तियां, परिसमापन/बीआईएफआर के अन्तर्गत मामले, निर्धारितियों का पता न लगना, विभिन्न प्राधिकरणों द्वारा माँग स्थगन इत्यादि ने माँग की वसूली कठिन बना दी थी।

1.12.3 *सीबीडीटी ने स्पष्ट किया (अप्रैल 2013) कि मांग जिसकी वसूली की जानी थी अवसूली योग्य नहीं थी तथा हसन अली खां ग्रुप के एक मामले ने यह आपवादिक स्थिति उत्पन्न कर दी है।*

1.12.4 कर के भुगतान में चूकों को कर वसूली अधिकारियों (टीआरओज़) को प्रेषित किया गया था जिन्होंने निर्धारितियों से देय बकाया राशि को विनिर्दिष्ट करते हुए प्रमाणपत्र बनाया एवं राशि की वसूली की कार्रवाई की। वसूली तंत्र त्रुटिपूर्ण है क्योंकि शेष असंग्रहित प्रमाणित मांग वित्तीय वर्ष 03 में ₹ 0.16 लाख करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में ₹ 1.14 लाख करोड़ हो गई थी।

1.12.5 *सीबीडीटी ने इसका आरोप मानवशक्ति की अत्यधिक कमी पर लगाया (अप्रैल 2013) जिसके कारण वसूली कार्रवाई के प्रभावी अनुसरण में रूकावट आ रही थी।*

1.13 आईटीडी की नीतिगत योजना (2011-15)

1.13.1 विभाग ने 2011-15 के दौरान मापयोग्य लक्ष्य एवं गतिविधियों के साथ एक नीतिगत योजना परिदृश्य 2020 तैयार की है। कार्रवाई योग्य बिन्दुओं में, अन्य बातों के साथ -साथ कर आधार का अनुमान लगाना एवं एक राजस्व पूर्वानुमान मॉडल विकसित

करना, कर निःसरण पर अध्ययन प्रारंभ करना, शोध इकाई स्थापित करना, डॉटा गोदाम एवं व्यापार बौद्धिक मॉडल विकसित करना, अन्तर्राष्ट्रीय कराधान एवं निगरानी में पहल करना शामिल है।

1.13.2 प्रधानमंत्री ने सितम्बर 2009 में भारत में सभी सरकारी मंत्रालयों/विभागों के लिए "निष्पादन निगरानी एवं मूल्यांकन प्रणाली (पीएमईएस) के लिए एक नये तंत्र का अनुमोदन किया। इस प्रणाली के अन्तर्गत प्रत्येक केन्द्रीय सरकारी/विभाग को एक परिणाम ढांचा दस्तावेज़ (आरएफडी) तैयार करना आवश्यक है। केन्द्रीय सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने उत्तरदायित्व केन्द्रों को आरएफडी प्रणाली के फेज III में डीओआर के अन्तर्गत सम्मिलित करने का निश्चय किया (मार्च 2011)। तदनुसार, आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 13 के लिए अपना आरएफडी तैयार किया। आयकर विभाग ने भी वित्तीय वर्ष 11 के लिए अपना आरएफडी तैयार किया था हालांकि यह अनिर्वाय नहीं था।

1.14 संवीक्षा निर्धारणों का निपटान

1.14.1 नीचे तालिका 1.11 वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान संवीक्षा के निर्धारण में अनिर्णय और निपटान की प्रवृत्ति बताती है। निपटान के लिये लम्बित निर्धारण वित्तीय वर्ष 11 में 3.92 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में 4.05 लाख हो गए।

तालिका 1.11: संवीक्षा निर्धारणों का निपटान

(संख्या)

वर्ष	निपटान के लिये बकाया निर्धारण	पूर्ण किये गये निर्धारण	लम्बित निर्धारण	लम्बित निर्धारण प्रतिशतता में
वि.व. 08	9,97,813	4,07,239	5,90,574	59.2
वि.व. 09	9,53,767	5,38,505	4,15,262	43.5
वि.व. 10	8,70,620	4,29,585	4,41,035	50.6
वि.व. 11	8,47,196	4,55,212	3,91,984	46.3
वि.व. 12	7,74,807	3,69,320	4,05,487	52.3

1.15 अपील के मामलों का निपटान

1.15.1 नीचे तालिका 1.12 वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान सीआईटी (अपील) के समक्ष अपील के मामलों की अपूर्णता और निपटान की प्रवृत्ति बताती है। सीआईटी (अपील) के पास लम्बित अपीलें वित्तीय वर्ष 08 में 67.2 *प्रतिशत* से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में 75.3 *प्रतिशत* हो गई। अपील के मामलों में अवरूद्ध राशि भी वित्तीय

वर्ष 09 में ₹ 1.99 लाख करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 12 में ₹ 2.42 लाख करोड़ (भारत सरकार के संशोधित राजस्व घाटे के 61.4 *प्रतिशत* के बराबर) हो गई।

तालिका 1.12: सीआईटी (अपील) द्वारा अपील के मामलों का निपटान

वर्ष	निपटान के लिए बकाया अपीलें	निपटाई गई अपीलें	लम्बित अपीलें	लम्बित अपीलें *प्रतिशतता* में	अपीलों में अवरूद्ध राशि
	संख्या				करोड़ ₹.
वि.व.08	1,94,003	63,645	1,30,358	67.2	-
वि.व. 09	2,24,382	66,351	1,58,031	70.4	1,99,101
वि.व. 10	2,60,700	79,709	1,80,991	69.4	2,20,148
वि.व. 11	2,57,656	70,474	1,87,182	72.6	2,93,548
वि.व. 12	3,06,134	75,518	2,30,616	75.3	2,42,182

1.15.2 31 मार्च 2012 को 65,803 मामलों में उच्च स्तर (आईटीएटी/उच्च न्यायालय/सर्वोच्च न्यायालय) पर अपीलों में अवरूद्ध राशि ₹ 1.63 लाख करोड़ थी।

1.16 विवादित मांग

1.16.1 नीचे दी गई तालिका 1.13 और 1.14 उठाई गई और लम्बित मांग और अविवादित मांग के आयु- वार विश्लेषण की सूची बताती है।

तालिका 1.13: उठाई गई और लम्बित मांग

करोड़ ₹

मद	वित्तीय वर्ष 09	वित्तीय वर्ष 10	वित्तीय वर्ष 11	वित्तीय वर्ष 12
वर्ष के अन्त में लम्बित मांग	2,01,276	2,29,032	2,91,629	4,08,418
संग्रहणीय मांग	13,701	16,274	20,486	20,804
विवादित मांग	53,810	66,534	1,52,996	2,08,343
अविवादित मांग	39,330	42,950	51,331	48,980

तालिका 1.14: अविवादित मांग का आयुवार विश्लेषण

करोड़ ₹

आयु	वित्तीय वर्ष 09	वित्तीय वर्ष 10	वित्तीय वर्ष 11	वित्तीय वर्ष 12
1 से 2 वर्ष	14,868	18,530	26,814	20,022
2 से 5 वर्ष	12,133	12,941	12,443	11,302
5 से 10 वर्ष	10,464	9,990	10,648	14,424
10 वर्षों से अधिक	1,865	1,488	1,425	3,232
कुल	**39,330**	**42,950**	**51,331**	**48,980**

1.16.2 यद्यपि, वर्ष के अंत में लम्बित मांग दोगुनी बढ़ी, तथापि वित्तीय वर्ष 09 से वित्तीय वर्ष 12 तक विवादित मांग लगभग चार गुणा बढ़ी। इस अवधि के दौरान अविवादित मांग 1.2 गुणा बढ़ी। इसने निर्धारण अधिकारियों द्वारा संपन्न की गई संवीक्षा के निर्धारण के प्रति निर्धारितियों की कम संतुष्टि दर्शाई।

1.16.3 *सीबीडीटी ने कहा (अप्रैल 2013) कि मांग में वृद्धि जिसमें वित्तीय वर्ष 2009 से वित्तीय वर्ष 2012 तक लगभग चार गुणा का विवाद था, संवीक्षा निर्धारणों की खराब गुणवत्ता के सूचक के रूप में नहीं ली जानी चाहिए, बल्कि यह इस तथ्य की सूचक है कि निर्धारणों के क्रम में जाँचे गए विषय या तो संख्या में अधिक थे अथवा उनमें उच्च राशि शामिल थे ताकि उन्हें किए जाने वाले निर्धारणों में शामिल किया जा सके। उसने यह भी कहा कि संवीक्षा निर्धारणों के किए गए परिवर्धन करदाताओं की सन्तुष्टि के सूचक नहीं हैं क्योंकि संवीक्षा निर्धारणों में किए गए परिवर्धनों पर सामान्यतः करदाताओं द्वारा अपील कर दी जाती है।* यह ठोस आंकड़ों से समर्थित *नहीं* है और यह निर्धारण पद्धति में बढ़ते असंतोष की ओर संकेत करता है।

1.17 प्रतिदाय दावों का निपटान

1.17.1 नीचे दी गई तालिका 1.15 वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान प्रत्यक्ष वापसी दावों की लम्बिता और निपटान की प्रवृत्ति बताती है। निपटान के लिये लम्बित प्रत्यक्ष प्रतिदाय वित्तीय वर्ष 11 में 19.5 लाख से घट कर वित्तीय वर्ष 12 में 12.5 लाख हो गए। वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान प्रत्यक्ष प्रतिदाय दावों के निपटान की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।

तालिका 1.15: प्रत्यक्ष प्रतिदाय दावों का निपटान

(संख्या लाख में)

वर्ष	निपटान के लिए बकाया प्रत्यक्ष प्रतिदाय	निपटाए गए प्रत्यक्ष प्रतिदाय	लम्बित प्रत्यक्ष प्रतिदाय	लम्बित वापसियां *प्रतिशतता* में
वि. व. 08	27.1	18.8	8.3	30.6
वि. व. 09	42.2	26.7	15.5	36.7
वि. व. 10	48.0	28.6	19.4	40.4
वि. व. 11	59.9	40.4	19.5	32.6
वि. व.12	52.8	40.3	12.5	23.7

1.18 आयकर विभाग की आईटी पहल

1.18.1 आयकर विभाग (आईटीडी) ने 1980 के दशक के प्रारंभ में कम्प्यूटरीकरण की पहल की जिसने विशिष्ट कार्यात्मकताओं को लक्षित किया। 1993 तक, आयकर विभाग के पास बृहत कम्प्यूटरीकरण कार्यक्रम (सीसीपी) के तहत अधिक विशाल कम्प्यूटरीकरण रोड मैप है। आयकर विभाग (आईटीडी) में आईटी कार्यान्वयन के मुख्य उद्देश्य कर प्रशासन की दक्षता और प्रभावकारिता को सुधारना तथा कर आधार को व्यापक बनाने के साथ-साथ प्रभावी योजना की विश्वसनीय और समय पर सूचना प्रबंधन को उपलब्ध कराना है।

1.18.2 विजय केलकर की अध्यक्षता में प्रत्यक्ष कर टॉस्क फोर्स (दिसम्बर 2002) ने सिफारिश की कि कर सूचना नेटवर्क (टिन) को कर निर्धारण और संग्रहण प्रणाली की मुख्य विशेषताओं को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए स्थापित किया जाना चाहिए। टास्क फोर्स की सिफारिशों का अनुकरण करते हुए विभाग ने वर्षों से कई आईटी पहलें की थी।

1.18.3 आयकर विभाग की मौजूदा प्रणाली कई वर्षों के प्रयत्नों का परिणाम है और यह लगातार परिवर्तन की प्रक्रिया से गुजर रहा है। आयकर विभाग की विस्तृत कम्प्यूटरीकरण परियोजना में निर्धारिती सूचना प्रणाली (एआईएस), निर्धारण सूचना प्रणाली (एएसटी), ऑनलाइन कर लेखा प्रणाली (ओल्टास), इलेक्ट्रॉनिक कर कटौती प्रणाली (इ-टीडीएस), वैयक्तिक रनिंग लैजर लेखा प्रणाली (इरला), कम्प्यूटर एडिड संवीक्षा प्रणाली (सीएएसएस), और आयकर विभाग के कार्यात्मक क्षेत्रों के लिए प्रवर्तन सूचना प्रणाली (इएफएस) जैसे मॉड्यूल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कई अन्य आंतरिक प्रबंधन और हाऊसकीपिंग मॉड्यूल जैसे कि वेतन पत्रक प्रणाली (पीएएस), मानव शक्ति प्रबंधन प्रणाली (एमएमएस), न्यायिक संदर्भ प्रणाली (जेआरएस), वित्तीय स्रोत प्रणाली (एफआरएस), सूचना प्रबंधन प्रणाली (एमआईएस) भी कार्यरत हैं।

1.18.4 आयकर विभाग ने समस्त भारत की ई-फाईल रिटर्न और कर्नाटक तथा गोवा की पेपर रिटर्न को संचालित करने के लिए बैंगलूरू में एक केन्द्रीय प्रोसेसिंग केन्द्र (सीपीसी) स्थापित किया। यह सीपीसी अक्तूबर 2009 में परिचालित हुआ।

1.19 आंतरिक लेखापरीक्षा की प्रभावकारिता

1.19.1 आंतरिक लेखापरीक्षा विभागीय नियंत्रण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो यह सुनिश्चित करता है कि अधिनिमय की धारा के प्रावधानों के सही कार्यान्वयन द्वारा मांग/प्रतिदाय सही ढंग से परिचालित किए जा रहे हैं।

1.19.2 विभाग ने आंतरिक लेखापरीक्षा प्रणाली और उद्देश्यात्मक सैटअप के लिए जून 2007 में एक नई आन्तरिक लेखापरीक्षा प्रणाली प्रस्तुत की जबकि निर्धारण कार्य और लेखापरीक्षा कार्य विभिन्न विशेषीकृत विंग को दिए गए। प्रत्येक सीआईटी (लेखापरीक्षा) के अन्तर्गत एक अतिरिक्त सीआईटी होना चाहिए जो उच्च-स्तरीय मामलों और उप/ सहायक सीआईटी और आईटीओज़ की अध्यक्षता में आंतरिक लेखापरीक्षा पार्टी (आईएपी) की अध्यक्षता में विशेष लेखापरीक्षा पार्टी (एसएपी) के लेखापरीक्षा कार्य सर्वेक्षण की आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए उत्तरदायी होगा। प्रत्येक अतिरिक्त सीआईटी, एसएपी और आईएपी द्वारा एक वर्ष में लेखापरीक्षा किए गए मामलों की न्यूनतम संख्या क्रमशः 50,300; और 1,300 (600 निगम मामले और 700 गैर-निगम मामले) होनी चाहिए।

1.19.3 *सीबीडीटी ने कहा (अप्रैल 2013) कि लेखापरीक्षा द्वारा लिया गया 1300 का आंकड़ा गलत है क्योंकि प्रत्येक आईएपी के लिये लक्ष्य या तो 600 कॉरपोरेट या 700 गैर-कॉरपोरेट मामले हैं।* यह 2007 में विभाग द्वारा जारी निर्देशों द्वारा वहन नहीं किया गया है, जहाँ यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आईएपी के लिये लक्ष्य 600 कॉरपोरेट मामले और 700 गैर -कॉरपोरेट मामले हैं।

1.19.4 आंतरिक लेखापरीक्षा विंग ने विंग की कार्यक्षमता के आधार पर वित्तीय वर्ष 12 के दौरान 2,91,950 मामलों की लेखापरीक्षा की योजना बनाई। इनमें से, 61.8 *प्रतिशत* लक्ष्य को प्राप्त करते हुए 1,80,416 मामले पूरे किए गए। तालिका 1.16 वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 12 तक प्रत्येक वर्ष के लिए उठाई गई, निपटाई गई और लम्बित आंतरिक लेखापरीक्षा आपत्तियों का विवरण दर्शाती है:

तालिका 1.16: जोड़े गए, सुलझाए गए और लम्बित लेखापरीक्षा निष्कर्ष का विवरण

करोड़ ₹

वर्ष	वर्ष के दौरान योग		वर्ष के दौरान निपटान		वर्ष के दौरान लम्बन	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
वि.व.08	8770	1858.97	361	484.90	15097	1786.98
वि.व.09	9068	1951.64	2866	334.47	21299	3404.15
वि.व.10	14577	1224.81	6434	657.58	29442	3971.37
वि.व.11	13494	5466.88	7996	921.85	34940	8516.4
वि.व.12	13771	1879.85	14148	1118.49	34563	9277.76

1.19.5 आंतरिक लेखापरीक्षा निष्कर्षों का लम्बन पिछले पाँच वर्षों के दौरान दुगुने से अधिक है। आंतरिक लेखापरीक्षा पर विभागीय प्रतिक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 12 में निर्धारण अधिकारी द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा प्रस्तुत मुख्य निष्कर्षों[22] में ₹ 10.3 लाख करोड़ के कर प्रभाव वाले 15,811 मामलों में से ₹ 1.1 लाख करोड़ (10.7 *प्रतिशत*) के कर प्रभाव वाले केवल 3,616 मामलों (22.9 *प्रतिशत*) पर कार्रवाई की गई थी। वित्तीय वर्ष 07 में ₹ 412.9 करोड़ के कर प्रभाव वाले 6,688 मामलों में से वित्तीय वर्ष 12 में ₹ 9,277.8 करोड़ के कर प्रभाव वाले 34,563 मामलों की कुल लम्बन वृद्धि हुई।

1.19.6 *सीबीडीटी ने अप्रैल 2013 में, इस तथ्य कि आंतरिक लेखापरीक्षा आपत्तियों के लम्बन में नियमित बढ़त हो रही है को स्वीकार करते हुये, सूचित किया कि उन्होंने लेखापरीक्षा विरोधों के अधिक से अधिक वास्तविक निपटान को सुनिश्चित करने के लिये उपाय शुरू किये हैं।*

1.19.7 इसके अतिरिक्त, हमने आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा पूर्व में की गई लेखापरीक्षा में निर्धारणों में कई लेखापरीक्षा आपत्तियों का पता लगाया। वित्तीय वर्ष 12 में आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा लेखापरीक्षित 3471 निर्धारणों में हमने गलतियों को इंगित किया जिन्हें उनके द्वारा उजागर नहीं किया गया था। यह आंतरिक लेखापरीक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता की ओर संकेत करता है।

1.19.8 इस लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल 455 पैराग्राफो में से आंतरिक लेखापरीक्षा ने 34 मामलों (7.5 *प्रतिशत*) की लेखापरीक्षा की लेकिन ऐसी गलतियों को नही खोजा जो आंतरिक लेखापरीक्षा की गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता की तरफ संकेत करती हैं।

1.19.9 *सीबीडीटी ने आश्वासन दिया (अप्रैल 2013) कि आयकर के सभी आयुक्तों (लेखापरीक्षा) को आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा लेखापरीक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिये प्रयास करने को कहा गया है, लेकिन आईए का निष्पादन, सभी स्तरों पर अधिकारियों और कर्मचारियों की काफी कमी से प्रभावित है।*

---

[22] आयकर में ₹1 लाख और अन्य करो में ₹ 30,000 से अधिक पर लेखापरीक्षा आपत्ति

अध्याय III: लेखापरीक्षा अधिदेश, उत्पाद और प्रभाव

2.1 प्राप्तियों की लेखापरीक्षा हेतु सीएजी के प्राधिकार

2.1.1 सी एण्ड एजी के डीपीसी अधिनियम, 1971 की धारा 16, नियंत्रक-महालेखापरीक्षक को भारत सरकार और प्रत्येक राज्य की सरकारों और विधानसभा वाले प्रत्येक संघ राज्य क्षेत्र की सभी प्राप्तियों (राजस्व और पूंजी दोनों) की लेखापरीक्षा करने और स्वयं की संतुष्टि के लिए कि नियमों और क्रियाविधियों को राजस्व के निर्धारण, संग्रहण और उचित आबंटन पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है और उनका विधिवत् पालन किया जा रहा है का प्राधिकार प्रदान करती है। लेखा और लेखापरीक्षा नियमावली 2007 में प्राप्ति लेखापरीक्षा हेतु निम्नवत सिद्धांतों का उल्लेख किया गया है:

2.2 प्रणालियों और क्रियाविधियों और उनकी क्षमता की जाँच

2.2.1 प्राप्तियों की लेखापरीक्षा में निम्नवत के बारे में प्रणालियों एवं क्रियाविधियों और उनकी क्षमता की जाँच को शामिल किया जाता है:

क. संभावित कर निर्धारितियों की पहचान, कानूनों के साथ-साथ कर अपवंचन के पता लगाने और रोकने के अनुपालन को सुनिश्चित करना;

ख. समुचित सावधानी से दावों का अनुसरण करना और उपयुक्त औचित्य और उचित प्राधिकार के अलावा उन्हें न तो परित्यक्त किया गया है और न ही कम किया गया है।

ग. अन्य समान मामलों की समीक्षा यदि आवश्यक हो सहित धोखे, चूक या गलती के माध्यम से राजस्व की हानि की तुरंत जाँच;

घ. शास्तियों के उद्ग्रहण और अभियोग चलाने सहित एक उपयुक्त रूप में विविकाधिकार का प्रयोग करना;

ड़. विभागीय अपीलीय अधिकारियों द्वारा पारित आदेशों पर सरकार के हितों को सुरक्षित रखने के लिए उपयुक्त कार्रवाई;

च. कोई योजना जिसे समय-समय पर सरकार द्वारा प्रारम्भ किया जाए;

छ. राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने या सुधारने के लिए आरंभ किये गये कोई उपाय;

ज. राशि जो बकाया में पड़ी रही, बकाया के अभिलेखों का रख-रखाव और बकाया में राशियों की वसूली हेतु की गई कार्रवाई;

झ. अन्य गौण और निर्धारण रहित कार्यों जिनमें विभाग द्वारा किया गया व्यय शामिल है;

ञ. लक्ष्यों की प्राप्ति, प्राप्तियों का लेखांकन और रिपोर्टिंग और उनका लेखा अभिलेखों के साथ प्रति सत्यापन और समाधान; प्रतिदायों, रिबेट्स, फिरतियों, छूटों और मंदी की राशियों को यह देखने के लिए कि उनका सही ढंग से निर्धारण और लेखांकन किया गया है; और

ट. कोई अन्य मामला जिसे नियंत्रण-महालेखापरीक्षक द्वारा अवधारित किया जाए।

2.3 लेखापरीक्षा उत्पाद

2.3.1 लेखापरीक्षा अधिदेश के अनुसरण और लेखा और लेखापरीक्षा नियमावली, 2007 के नियम 205 के प्रावधान में, हम संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत वार्षिक अनुपालन लेखापरीक्षा रिपोर्ट और आवधिक निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्टें राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार करते हैं। भारत के सी एण्ड एजी के पास लेखा और लेखापरीक्षा नियमावली 2007 के नियम 205 के अंतर्गत लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के स्वरूप, विषय-वस्तु और प्रस्तुतीकरण के समय के निर्धारण का प्राधिकार है।

2.3.2 इस अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में मंत्रालय[23] को जारी किए गए 455 उच्च मूल्य और महत्व वाले मामलों पर चर्चा की गई है। *परिशिष्ट* 4 ऐसे मामलों का ब्यौरा दर्शाता है। तालिका 2.1 ऐसे मामलों[24] का वर्गवार ब्यौरा दर्शाती है। हमने कुछ महत्वपूर्ण मामलों की चर्चा अध्याय III और IV में की है।

तालिका 2.1: उच्च मूल्य वाले मामलों के गलतियों के श्रेणी-वार ब्यौरे

₹ करोड़

श्रेणी		सीटी		आईटी		जोड़	
		सं.	टीई	सं.	टीई	सं.	टीई
क.	निर्धारणों की गुणवत्ता	88	486.02	40	516.47	128	1,002.49
ख.	कर रियायत/छूट/ कटौतियों का प्रबंधन	162	1,412.72	41	53.90	203	1,466.62
ग.	चूकों के कारण निर्धारण से बची हुई आय	66	337.52	42*	19.29	108	356.81
घ.	कर/ब्याज का अधि प्रभार	9	35.06	7	3.99	16	39.05
	श्रेणी	**325**	**2,271.32**	**130***	**593.65**	**455**	**2,864.97**

* ₹ 0.35 करोड़ के टीई सहित धन के निर्धारण के अंतर्गत 15 मामलों सहित

[23] वित्त मंत्रालय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर कर बोर्ड

[24] उप-श्रेणी-वार ब्यौरे *परिशिष्ट-5* में हैं।

2.4 वैधानिक प्रभाव

2.4.1 हमने इंगित किया[25] कि फर्मों/व्यक्तियों के संघ (एओपीज़) केवल कंपनियों पर लागू होने वाले आयकर अधिनियम में उपलब्ध मैट[26] के संप्रत्यय के अंतर्गत कटौती या प्रोत्साहन के लाभ प्राप्त कर रहे थे। लेखापरीक्षा ने सिफारिश की कि फर्म/एओपीज़ के लिए धारा 115जेबी की सीमा का विस्तार किया जा सकता है।

2.4.2 सरकार ने वित्त अधिनियम, 2012 के द्वारा धारा 115जेसी के अंतर्गत, विशिष्ट गैर-कंपनी निर्धारितियों के लिए मैट की प्रयोज्यता का विस्तार करने के लिए आय कर अधिनियम, 1961 में संशोधन किया।

2.5 लेखापरीक्षा के कहने पर वसूली

2.5.1 आईटीडी ने हमारे द्वारा इंगित किये गये निर्धारिणों में त्रुटियों में सुधार करने की मांग को उठाने से विगत पांच वर्षों में ₹ 2,680.97 करोड़ की वसूली की। इसमें वित्तीय वर्ष 12 में ₹ 1,538 करोड़ की वसूली भी शामिल है। नीचे दिया गया चार्ट 2.1 दर्शाता है कि वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 11 के बीच वसूली की राशि वैकल्पिक रूप से घटी और बढ़ी तथा वित्तीय वर्ष 12 में 393 *प्रतिशत* तक अचानक उच्चतर बढ़ोतरी हुई।

चार्ट 2.1: वसूली की प्रवृत्ति

2.6 त्रुटियों की घटना

2.6.1 आईटीडी ने वित्तीय वर्ष 12 में 5,50,018 संवीक्षा निर्धारण पूरे किये जिनमें से हमने 2,95,559 मामलों की जांच की। लेखापरीक्षा में की गई जांच में निर्धारण में 18,072 त्रुटियां थीं जो औसतन 6.1 *प्रतिशत* तक थीं (*परिशिष्ट-6*)।

2.6.2 नीचे दी गई तालिका 2.2 में वित्तीय वर्ष 12 के दौरान निर्धारणों में त्रुटियों का ब्यौरा दर्शाया गया है।

---

[25] 2011-12 की प्रतिवेदन सं. 12 बिजनैस ऑफ सिविल कंसट्रक्शन

[26] न्यूनतम वैकल्पिक कर

तालिका 2.2: निर्धारणों में त्रुटियों का कर वार ब्यौरा

श्रेणी		मामले	कर प्रभाव (₹ करोड़)
क.	निगम कर और आय कर	18,441	19,691
ख.	धन कर	815	33
ग.	अन्य प्रत्यक्ष कर	368	25
	जोड़	**19,624**[27]	**19,749**

टिप्पणी: उपरोक्त सभी निष्कर्ष और उसके बाद के सभी निष्कर्ष चयनित निर्धारिणों की लेखापरीक्षा पर एक मात्र रूप से आधारित हैं।

2.6.3 ₹ 19,691 करोड़ के कर प्रभाव वाले 18,441 मामलों में से, ₹ 702 करोड़ के कर प्रभाव वाले 323 मामले अधिक निर्धारण से संबंधित थे।

2.6.4 नीचे दी गई तालिका 2.3 निगम कर और आय कर से संबंधित कम निर्धारण के वर्ग वार ब्यौरे दर्शाती है। *परिशिष्ट-7* उप-श्रेणियों के ब्यौरे दर्शाता है।

तालिका 2.3: त्रुटियों का श्रेणी-वार ब्यौरा

श्रेणी		मामले	कर प्रभाव (₹ करोड़)
क.	निर्धारणों की गुणवत्ता	5,878	3,641
ख.	कर रियायतों/छूट/कटौतियों का प्रबंधन	8,281	11,198
ग.	चूकों के कारण निर्धारण से बची हुई आय	2,332	3,269
घ.	अन्य	1,627	881
	जोड़	**18,118**	**18,989**

2.7 लेखापरीक्षा पर प्रतिक्रिया

2.7.1 हमने लेखापरीक्षा के विभिन्न स्तरों पर लेखापरीक्षा सत्त्वों से प्रतिक्रिया प्राप्त की। क्षेत्रीय लेखापरीक्षा के पूरा होने पर, हमने आईटीडी को टिप्पणियों हेतु स्थानीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट (एलएआर) जारी की। इसके अतिरिक्त, हमने लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल करने से पहले टिप्पणियों के लिए इनमें से महत्वपूर्ण और अधिक मूल्य वाले मामले मंत्रालय को जारी किए।

[27] वित्तीय वर्ष 11 के दौरान पूर्ण हुए और वित्तीय वर्ष 12 के दौरान लेखापरीक्षित संवीक्षा निर्धारणों के संबंध में पैराग्राफ 2.12 में त्रुटियों के साथ निर्धारिणों की संख्या दर्शाई गई है। तालिका 2.2 में दिए गए 19,624 मामले वित्तीय वर्ष 12 के दौरान लेखापरीक्षित सभी मामलों से संबंधित है जिसमें पहले पूरे हुए निर्धारण भी शामिल हैं।

2.7.2 सीबीडीटी ने अनुदेश (2006) जारी किये कि एलएआर्ज़ के उत्तर छः सप्ताह के अंदर दिये जाने चाहिएं। निर्धारण अधिकारियों (एओज) को मांगों में त्रुटियां सही करने के लिए दो महीनों में उपचारात्मक कार्रवाई आरंभ करनी अपेक्षित है ताकि ऐसा न हो कि वे कालबाधित हो जाएं जिसके कारण राजस्व की हानि हो।

2.8 स्थानीय लेखापरीक्षा के प्रति प्रतिक्रिया

2.8.1 नीचे दी गई तालिका 2.4 वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान जारी मामलों के संबंध में प्राप्त उत्तरों और स्वीकृत अभ्युक्तियों की स्थिति दर्शाती है।

तालिका 2.4: स्थानीय लेखापरीक्षा के प्रति प्रतिक्रिया

वित्तीय वर्ष	की गई अभ्युक्तियाँ	प्राप्त किये गये उत्तर		उत्तर प्राप्त नहीं हुए	स्वीकृत मामलों का %	उत्तर प्राप्त न होने का %
		स्वीकृत मामले	अस्वीकृत मामले			
वि.व. 08	19,694	4,099	7,455	8,140	20.8	41.3
वि.व. 09	19,631	4,898	5,892	8,841	25.0	45.0
वि.व. 10	19,227	2,927	3,919	12,381	15.2	64.4
वि.व. 11	20,130	4,354	3,568	12,208	21.6	60.7
वि.व. 12	**19,624**	**3,945**[28]	**2,971**	**12,708**	**20.1**	**64.8**

2.9 उच्च मूल्य वाले मामलों के प्रति प्रतिक्रिया

2.9.1 हमने उच्च मूल्य वाले मामलों को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में उनके समावेश से पूर्व मंत्रालय को उन पर टिप्पणियां देने के लिए छः सप्ताह दिये। वर्तमान लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल किए गए 455 उच्च मूल्य वाले मामलों में से, मंत्रालय/आईटीडी ने 311 मामले (68 *प्रतिशत*) स्वीकार किये। तालिका 2.5 में 302 मामलों में की गई कार्रवाई का ब्यौरा दिया गया है।

तालिका 2.5: की गई कार्रवाई का ब्यौरा

₹ करोड़

श्रेणी		कार्रवाई पूरी की गई और वसूली गई राशि		कार्रवाई की गई परंतु वसूली अभी बाकी है		केवल कार्रवाई प्रारम्भ की गई	
		सं.	टीई	सं.	टीई	सं.	टीई
क.	निगम कर	9	35.43	174	1295.88	28	215.89
ख.	आयकर	1	0.22	75	506.90	6	1.77
ग.	धनकर	2	0.04	6	0.11	1	0.02
जोड़		**12**	**35.69**	**255**	**1802.89**	**35**	**217.68**

[28] 1,718-स्वीकृत मामले और उपचारात्मक कार्रवाई की गई; 2,227-स्वीकृत मामले परंतु उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

2.9.2 इसके अतिरिक्त, मंत्रालय/आईटीडी ने 9 मामले स्वीकार किये परन्तु उन पर की गई कार्रवाई के बारे में सूचित नहीं किया। 31 मामलों में, मंत्रालय/आईटीडी ने लेखापरीक्षा आपत्ति स्वीकार नहीं की। 113 मामलों में, हमें मई 2013 तक अभी भी प्रतिक्रिया प्राप्त करनी बाकी थी। अध्याय III और IV में क्रमशः निगम कर, आय कर और धन कर के संबंध में निर्धारणों में त्रुटियों का ब्यौरा दर्शाया गया है।

2.10 लेखापरीक्षा आपत्तियों का लंबन

2.10.1 प्रत्येक वर्ष लेखापरीक्षा निष्कर्षों के उत्तरों के लंबन में अभिवृद्धि के परिणामस्वरूप 31 मार्च 2012 तक ₹ 49,887 करोड़ के राजस्व प्रभाव वाले 66,819 मामले जमा हो गए थे। नीचे दी गई तालिका 2.6 अभ्युक्तियों के लंबन की बढ़ती हुई प्रवृत्ति को दर्शाती है।

तालिका 2.6: बकाया लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के ब्यौरे

₹ करोड़

समय	सीटी		आईटी		ओडीटी		जोड	
तक	सं.	टीई	सं.	टीई	सं.	टीई	सं.	टीई
वि.व. 07	4,952	2,230	5,788	3,709	1,049	32.1	11,789	5,971
वि.व. 08	3,018	2,526	2,717	970	368	7.7	6,103	3,504
वि.व. 09	4,008	3,472	3,641	1,169	718	26.0	8,367	4,666
वि.व. 10	4,768	5,049	4,369	1,402	954	27.6	10,091	6,478
वि.व. 11	6,323	7,795	5,999	2,720	1,089	105.2	13,411	10,620
वि.व. 12	7,491	15,011	8,569	3,593	998	44.7	17,058	18,648
जोड़	**30,560**	**36,083**	**31,083**	**13,563**	**5,176**	**243.2**	**66,819**	**49,887**

2.11 काल बाधित उपचारात्मक कार्रवाई

2.11.1 नीचे दी गई तालिका 2.7 वित्तीय वर्ष 08 से वित्तीय वर्ष 12 के दौरान काल बाधित मामलों का ब्यौरा दर्शाती है।

तालिका 2.7: काल-बाधित मामलों का ब्यौरा

प्रतिवेदन का वर्ष	मामले	कर प्रभाव ₹ करोड़
वित्तीय वर्ष 08	13,833	33,851
वित्तीय वर्ष 09	16,557	5,613
वित्तीय वर्ष 10	5,644	2,869
वित्तीय वर्ष 11	7,942	5,335
वित्तीय वर्ष 12	3,907	1,083

2.11.2 वित्तीय वर्ष 12 के दौरान, ₹ 1,083 करोड़ के कर प्रभाव वाले 3,907 मामले उपचारात्मक कार्रवाई हेतु कालबाधित हो गए थे। *परिशिष्ट-8* ऐसे मामलों का ब्यौरा दर्शाता है।

2.12 अभिलेखों को उपलब्ध न कराना

2.12.1 हमने करों के निर्धारण, संग्रहण और उचित आबंटन पर प्रभावी जाँच सुरक्षित रखने के मद्देनजर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (कर्तव्यों, शक्तियों और सेवा की शर्तों) अधिनियम 1971 की धारा 16 के अंतर्गत अभिलेखों के निर्धारण की संवीक्षा की और यह जांच कर रहे हैं कि नियमावलियों और क्रियाविधियों का अनुपालन किया जा रहा है। आईटीडी के लिए यह आवश्यक है कि वह लेखापरीक्षा को अविलंब अभिलेख उपलब्ध कराये और सुसंगत सूचना प्रस्तुत करें।

2.12.2 आईटीडी ने वित्तीय वर्ष 12 (16.69 प्रतिशत) के दौरान माँगे गए 4,67,830 अभिलेखों में से 78,077 अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये। इनमें से, पांच राज्यों से संबंधित 668 अभिलेख विगत तीन या अधिक क्रमानुगत लेखापरीक्षा चक्रों में लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराये गये थे। तालिका 2.8 राज्य-वार ब्यौरा दर्शाती है।

तालिका 2.8: तीन या अधिक लेखापरीक्षा चक्रों में लेखापरीक्षा को उपलब्ध न कराये गये अभिलेख

राज्य		उपलब्ध न कराये गये अभिलेख
क.	आंध्र प्रदेश	156
ख.	कर्नाटक	265
ग.	मध्य प्रदेश	51
घ.	महाराष्ट्र	5
ड़.	ओड़िशा	191
	जोड़	**668**

अध्याय III: निगम कर से संबंधित निर्धारणों का विश्लेषण

3.1 प्रस्तावना

3.1.1 हमने इस प्रतिवेदन के अध्याय I में दस वर्ष की अवधि के साथ निगमनात्मक परिप्रेक्ष्य में रिपोर्टिंग वर्ष, वित्तीय वर्ष 12 के विभिन्न वित्तीय (राजस्व) समुच्चयों का एक सम्पूर्ण चित्रण प्रस्तुत किया है। राजस्व संग्रहण के संदर्भ में सामान्य मुद्दों से संबधित विभिन्न भागों को इसमें दर्शाया गया है और यह क्षेत्रीय संरचानाओं में निर्धारण अधिकारी(यों) द्वारा पूरे किए गए निर्धारणों की अनुपालन लेखापरीक्षा से सामने आए हैं। अध्याय III और IV में, कॉरपोरेट और गैर कॉरपोरेट निर्धारितियों के निर्धारणों में पाई गई कमियों को बताते हुए हमने अध्याय I में चिन्हित सामान्य मुद्दों के साथ इन कुछ कमियों को जोड़ने की भी कोशिश की है।

3.1.2 अध्याय III में मंत्रालय को मई और अक्तूबर 2012 के बीच जारी ₹ 2,271.32 करोड़ (₹ 2,236.26 करोड़ के कम प्रभार के 316 मामले और ₹ 35.06 करोड़ के अतिप्रभार[29] से संबंधित नौ मामले) के कर प्रभाव के साथ निगम कर से संबंधित उच्च मूल्य के 325 मामलों पर चर्चा की गई है। तालिका 3.1 में त्रुटियों की व्यापक श्रेणियों और उनके कर प्रभाव का विवरण दर्शाया गया है:

तालिका सं. 3.1: त्रुटियों की श्रेणी और कर प्रभाव

श्रेणी	मामले	कर प्रभाव (₹ करोड़ में)
क. निर्धारणों की गुणवत्ता	88	486.02
ख. कर रियायत/छूट/कटौती का प्रशासन	162	1,412.72
ग. चूकों के कारण निर्धारणों से छूटी आय	66	337.52
घ. कर/ब्याज का अतिप्रभार	9	35.06
कुल	**325**	**2,271.32**

3.1.3 प्रत्येक व्यापक श्रेणी के अन्तर्गत, हम समान प्रकृति की गलतियों को उजागर करने के उद्देश्य से उप-श्रेणी दर्शाते हैं। प्रत्येक उप-श्रेणी अधिनियम का हवाला देते हुए एक प्रस्तावना के साथ शुरू होती है, जिसके बाद महत्वपूर्ण मामले(लों) का वर्णन किया जाता है।

[29] सही आंकड़े अपनाने में त्रुटियों, आय की गणना में अंकगणितीय त्रुटियों, कर/ब्याज इत्यादि में गलत दरें लगाने के कारण अतिप्रभार लगाया गया।

3.2 निर्धारणों की गुणवत्ता

3.2.1 निर्धारण अधिकारियों ने अधिनियम में स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद निर्धारणों में त्रुटियाँ की। गलत निर्धारणों के इन मामलों से आयकर विभाग में आन्तरिक नियंत्रणों में कमियों का पता चलता है जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। तालिका 3.2 उन त्रुटियों की उप-श्रेणी दर्शाती है जिनसे निर्धारणों की गुणवत्ता प्रभावित हुई।

तालिका 3.2: निर्धारणों में त्रुटियों का विवरण

उप श्रेणी		मामले	टीई (₹ करोड़ में)	राज्य
क.	आय और कर की गणना में अंकगणितीय त्रुटियां	42	383.85	आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल
ख.	ब्याज लगाने में गलतियाँ	23	46.01	असम, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल
ग.	अधिक या अनियमित प्रतिदाय/प्रतिदायों पर ब्याज	11	31.35	दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल
घ.	कर और अधिभार लगाने में गलत दर का प्रयोग	8	18.20	दिल्ली महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल
ड़.	अपीलीय आदेश का पालन करते समय निर्धारणों में अशुद्धियाँ	4	6.61	महाराष्ट्र और राजस्थान
जोड़		**88**	**486.02**	

3.2.2 आय और कर की गणना में अंकगणितीय त्रुटियाँ

हम ऐसे सात मामले सोदाहरण नीचे दे रहे हैं:

धारा 143(3) निर्धारण अधिकारियों द्वारा आय का सही तरीके से मूल्यांकन और निर्धारण करने का प्रावधान करती है। विभिन्न प्रकार के दावों की और लेखों, रिकार्डों और विवरण के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों के निर्धारणों की संवीक्षा निर्धारणों में विस्तृत रूप से जाँच की जानी अपेक्षित है। सीबीडीटी ने भी इस संबंध में समय-समय पर निर्देश जारी किए हैं।

3.2.2.1 डीआईटी-I प्रभार, दिल्ली में, अक्तूबर 2010 में ₹ 267.18 करोड़ पर संवीक्षा के बाद निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण वर्ष (नि.व.) 08 के लिए **द बैंक आफ टोक्यो मितसुबिशी यूएफजे लिमिटेड** का निर्धारण पूरा किया किन्तु कर की गणना करते समय गलती से आय को ₹ 201.69 करोड़ ले लिया, जैसी कि फार्म आईटीएनएस-150 में गणना की गई थी। गलती के परिणामस्वरूप ब्याज सहित ₹ 39.70 करोड़ का कर कम

लगाया गया। *मंत्रालय ने गलती को स्वीकार किया और धारा 154 के अन्तर्गत सुधार किया।*

3.2.2.2 सीआईटी-IV कोलकाता प्रभार, पश्चिम बंगाल में, निर्धारण अधिकारी ने ₹ 35.83 करोड़ की हानि पर दिसम्बर 2008 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 07 के लिए **जेनसन और निकलसन (इं) लिमिटेड** का निर्धारण पूरा करते समय "असाधारण मदों" की ओर लाभ और हानि खाते को डेबिट किए गए ₹ 89.87 करोड़ अस्वीकृत किए, किन्तु इसे ₹ 8.99 करोड़ के रूप में अपना लिया गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 35.83 करोड़ की हानि की अधिक गणना की गई जिसमें ₹ 12.06 करोड़ के ब्याज और संभावित कर प्रभाव सहित ₹ 32.23 करोड़ का कम कर सम्मिलित था जिससे ₹ 45.05 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ।

3.2.2.3 सीआईटी- IV मुम्बई प्रभार, महाराष्ट्र में निर्धारण अधिकारी ने **हिन्दुस्तान आरगेनिक केमिकल्स लिमिटेड** के मामले में कर योग्य आय की गणना के समय दिसम्बर 2010 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 09 के लिए ₹ 35.83 करोड़ जैसाकि निर्धारिती द्वारा गणना की गई थी की आय के बजाय ₹ 38.68 करोड़ की हानि के साथ गणना प्रारंभ की और ₹ 13.77 करोड़ के अस्वीकरण किए। ₹ 35.83 करोड़ के सही आंकडें को आय के रूप में अपनाने में गलती के परिणामस्वरूप ₹ 74.51 करोड़ की हानि की अधिक गणना हुई जिसमें ₹ 25.33 करोड़ का संभावित कर कम लगाया गया था। *मंत्रालय ने गलती को स्वीकार किया और धारा 154 के अन्तर्गत इसमें सुधार किया।*

3.2.2.4 सीआईटी जामनगर प्रभार, गुजरात में निर्धारण अधिकारी ने दिसम्बर 2009 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 के लिए **सौराष्ट्र सीमेंट लिमिटेड** के मामले में कर योग्य आय की गणना करते समय जैसा कि निर्धारिती द्वारा वापिस की गई आय के बजाय गलती से ₹ 50.77 करोड़ की हानि अपना ली और उसपर ₹ 6.06 करोड़ के अस्वीकरण किए। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 56.83 करोड़ की हानि की अधिक गणना हुई जिसमें ₹ 19.13 करोड़ का संभावित कर प्रभाव सम्मिलित था। *मंत्रालय ने गलती को स्वीकार किया और धारा 154 के तहत कार्रवाई की।*

3.2.2.5 डीआईटी- I प्रभार, दिल्ली में यूएस डालर 1.43 करोड़ की आय पर अक्तूबर 2010 में संवीक्षा के बाद पूरे किए गए निर्धारण वर्ष 08 के लिए **एस्पेक्ट साफ्टवेयर इंक** के निर्धारण में निर्धारण अधिकारी ने यूएस डालर में आय की गणना की किन्तु आय कर गणना फार्म में आय कर के नियम 115 के अन्तर्गत लागू विनिमय दरों के अनुसार भारतीय रूपयों में परिवर्तित किए बिना कर की मांग की। गलती के परिणामस्वरूप ब्याज सहित ₹ 18.97 करोड़ का कम कर लगाया गया। *मंत्रालय ने गलती को स्वीकार किया और धारा 154 के अन्तर्गत सुधार किया।*

3.2.2.6 सीआईटी- एलटीयू प्रभार, दिल्ली में, ₹ 880.92 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2010 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 09 के लिए **द ओरियंटल इन्श्योरेंश कम्पनी लिमिटेड** का निर्धारण पूरा करते समय, निर्धारण अधिकारी ने धारा 14ए (नियम 8डी के साथ पठित) के अन्तर्गत छूट प्राप्त आय से संबंधित व्यय के रूप में ₹ 36.22 करोड़ अस्वीकृत किए जिसके प्रति केवल ₹ 5.38 करोड़ ही वापिस जोड़े गए थे। इसके अतिरिक्त, निर्धारण अधिकारी ने दिसम्बर 2010 में धारा 154 के अन्तर्गत संशोधन के समय गलती को नही सुधारा। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 30.84 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ जिसमें ब्याज सहित ₹ 13.94 करोड़ का कर कम लगाया गया। *आयकर विभाग ने धारा 154 के अन्तर्गत गलती का सुधार किया (मार्च 2012)।*

3.2.2.7 सीआईटी-I प्रभार, दिल्ली में निर्धारण अधिकारी ने दिसम्बर 2008 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 07 के लिए **बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड** की आय की गणना करते समय निर्धारण वर्ष 05 से संबंधित ₹ 18.60 करोड़ की आय को निर्धारण वर्ष 07 मे अनावशोषित हानि के रूप में लिया और गलती से इसे अग्रेषित करने की अनुमति दे दी। इस गलत अग्रेषित हानि में ₹ 12.52 करोड़ का संभावित कर प्रभाव सम्मिलित था। *मंत्रालय ने गलती को स्वीकार किया और धारा 154 के अन्तर्गत सुधार किया।*

3.2.3 ब्याज लगाने में त्रुटियाँ

हम पांच मामले सोदाहरण नीचे दे रहे हैः

अधिनियम सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरों पर निर्धारितियों द्वारा की गई विभिन्न चूकों के लिए ब्याज लगाने का प्रावधान करता है।

3.2.3.1 सीआईटी डिबरूगढ़ प्रभार, असम में वास्तव में संवीक्षा के पश्चात् नवम्बर 2007 में पूरे किए गए निर्धारण वर्ष 06 और 07 के लिए **ऑयल इंडिया लिमिटेड** के निर्धारणों का पुनः अवलोकन करते समय निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती को दो वर्षों के लिए क्रमशः ₹ 96.98 करोड़ और ₹ 494.33 करोड़ का मांग ज्ञापन अप्रैल 2010 में जारी किया। निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण वर्ष 08 के लिए प्रतिदाय के प्रति जुलाई 2010 में माँगों का पूरा समायोजन किया किन्तु मई 2010 से जुलाई 2010 की अवधि के लिए कर मांग के भुगतान/समायोजन में विलंब के लिए ब्याज नहीं लगाया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 17.74 करोड़ का ब्याज नहीं लगा। *मंत्रालय ने गलती को स्वीकार कर सुधार किया और ब्याज की राशि संग्रहित की (अगस्त 2011)।*

3.2.3.2 डीआईटी (आईटी) कोलकाता प्रभार, पश्चिम बंगाल मे दिसम्बर 2008 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 06 के लिए **एबीएन एमरो बैंक** का निर्धारण पूर्ण होने के बाद निर्धारण अधिकारी ने ₹ 50 करोड़ का एक मांग ज्ञापन जारी किया। संशोधन पर आयकर विभाग ने जनवरी 2009 में मांग में ₹ 50.80 करोड़ तक की वृद्धि की। निर्धारण

अधिकारी ने निर्धारण वर्ष 08 के लिए प्रतिदाय के प्रति फरवरी 2009 और मई 2009 में मांग का पूरी तरह समाशोधन किया किन्तु कर के भुगतान में विलम्ब[30] के लिए ब्याज नहीं लगाया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 1.02 करोड़ का ब्याज नहीं लगाया गया। *मंत्रालय ने गलती को स्वीकार किया और धारा 154 के अन्तर्गत सुधार किया।*

3.2.3.3 सीआईटी-V प्रभार, दिल्ली में ₹ 86.21 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2009 में संवीक्षा के बाद पूरे किए गए निर्धारण वर्ष 09 के लिए **आरएचसी होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड (पहले सोलारिस फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात)** के निर्धारण में कर मांग की गणना करते समय निर्धारण अधिकारी ने अग्रिम कर के भुगतान मे विलम्ब के लिए ब्याज की ₹ 5.35 करोड़ की सही राशि के बजाय ₹ 4.54 करोड़ प्रभारित किए। इसके अलावा अधिभार, शिक्षा उपकर और उच्च शिक्षा उपकर की क्रमशः 10 *प्रतिशत,* 2 *प्रतिशत* और 1 *प्रतिशत* की लागू दरों को भी नहीं लगाया गया था। इन गलतियों के परिणामस्वरूप ₹ 3.47 करोड़ का कर कम लगाया गया। *मंत्रालय ने स्वीकारा और धारा 154 के अन्तर्गत गलती में सुधार किया (सितम्बर 2011)।*

3.2.3.4 सीआईटी-I पुणे प्रभार, महाराष्ट्र में ₹ 189.87 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2010 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 के लिए निर्धारण अधिकारी ने **बजाज एलियंस जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी लिमिटेड** का निर्धारण पूरा किया गया और अप्रैल 2007 से दिसम्बर 2010 की अवधि के लिए जिसमें निर्धारण पूरा किया गया था ₹ 4.45 करोड़ का ब्याज लगाने के बजाय, अप्रैल 2007 से अक्तूबर 2007 की अवधि के लिए जिसमें निर्धारिती ने स्व-निर्धारित कर का भुगतान किया ₹ 1.29 करोड़ का ब्याज लगाया। इस गलती के कारण ₹ 3.15 करोड़ का ब्याज कम लगाया गया। *मंत्रालय ने इसे स्वीकारा और धारा 154 के अन्तर्गत गलती में सुधार किया।*

3.2.3.5 सीआईटी एलटीयू प्रभार, दिल्ली में निर्धारण अधिकारी ने ₹ 476.80 करोड़ की आय पर नवम्बर 2010 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 के लिए **नेसले इंडिया लिमिटेड** के निर्धारण को अन्तिम रूप देते समय सार प्रक्रिया के बाद मार्च 2009 में निर्धारिती को ₹ 11.49 करोड़ के अधिक प्रतिदाय पर धारा 234 डी के अन्तर्गत ब्याज नहीं लगाया। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 1.21 करोड़ का ब्याज नहीं लगाया गया। *आयकर विभाग ने धारा 154 के अन्तर्गत गलती को सुधारा (मार्च 2012)।*

---

[30] जनवरी 2009 से फरवरी 2009 की अवधि के लिए और अप्रैल 2009 से मई 2009 के लिए संशोधित, अतिरिक्त मांग पर

3.2.4 अत्यधिक या अनियमित प्रतिदाय/प्रतिदायों पर ब्याज

हम ऐसे दो मामले सोदाहरण नीचे दे रहे हैं:

यदि प्रतिदाय की राशि नियमित निर्धारण या सार रूप में निर्धारित कर के दस प्रतिशत से कम न हो तो धारा 244ए (1) प्रतिदाय पर ब्याज का प्रावधान करती है।

3.2.4.1 सीआईटी-एलटीयू चेन्नई प्रभार, तमिलनाडु, में निर्धारण अधिकारी ने ₹ 439 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2009 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 के लिए **चेन्नई पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड** का निर्धारण पूरा करते समय दिसम्बर 2009 मे जाँच निर्धारण पूर्ण होने के तीन माह बाद ₹ 9.69 करोड़ के ब्याज सहित 12 मार्च 2009 को सार निर्धारण स्थिति पर गणना किए गए ₹ 136.44 करोड़ के प्रतिदाय के प्रति निर्धारिती को 31 मार्च 2010 को ₹ 18.94 करोड़ के ब्याज सहित ₹ 170.20 करोड़ का प्रतिदाय दिया। प्रतिदाय के भुगतान में विलम्ब के परिणामस्वरूप ₹ 6.31 करोड़ के ब्याज का अधिक भुगतान हुआ। *मंत्रालय ने आपत्ति को स्वीकार किया।*

3.2.4.2 सीआईटी एलटीयू प्रभार, दिल्ली, में निर्धारण अधिकारी ने दिसम्बर 2009 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 07 के लिए **महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड** का निर्धारण पूरा किया जिसमें ₹ 1725.10 करोड़ की आय का निर्धारण किया गया और धारा 234 डी के अन्तर्गत प्रतिदाय पर ₹ 8.36 करोड़ के ब्याज की वापसी और ₹ 9.28 करोड़ के ब्याज सहित ₹ 563.57 करोड़ की मांग की गई। कर मांग की गणना करते समय, निर्धारण अधिकारी ने अक्तूबर 2008 और फरवरी 2009 में किए गए प्रतिदायों पर अनुमत ब्याज पर विचार नहीं किया। गलती के परिणामस्वरूप प्रतिदाय पर अनुमत ₹ 3.97 करोड़ के ब्याज की कम वापसी प्राप्त हुई। इसके अलावा, आयकर विभाग ने धारा 234 डी के अन्तर्गत ₹ 30.89 करोड़ के अतिरिक्त प्रतिदायों पर ₹ 2.13 करोड़ का ब्याज नहीं लगाया।

3.2.5 अपीलीय आदेशों का पालन करते समय निर्धारण में त्रुटियाँ

हम ऐसे दो मामले सोदाहरण नीचे दे रहे हैं:

धारा 254 के अन्तर्गत एक व्यथित निर्धारिती निर्धारण अधिकारी के आदेश के विरूद्ध सीआईटी (अपील) को अपील कर सकता है, जो अपीलीय आदेश में दिए गए निर्देशों का अनुपालन करेगा। इसके अतिरिक्त, तथ्य की शंका और आईटीएटी के कानून पर भी अपील की अनुमति दी जाती है। एक अपीलीय आदेश के कार्यान्वयन में किसी भी गलती के परिणामस्वरूप आय का कम निर्धारण/अधिक निर्धारण हो सकता है।

3.2.5.1 सीआईटी सेन्ट्रल II मुम्बई प्रभार, महाराष्ट्र में निर्धारण अधिकारी ने इस आधार पर ₹ 6.67 करोड़ की अस्वीकृति के बाद कि यह राशि म्हाडा अधिनियम, 1976 के प्रावधानों के अधिकारातीत उद्देश्यों के लिए बनाए गए फर्जी किराएदारों के लिए

बिक्रीयोग्य क्षेत्र में निर्माण के लिए खर्च किए गए व्ययों का अनुपात दर्शाती है, ₹ 37.10 करोड़ की आय पर संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 09 के लिए **लेयर एक्पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड** का निर्धारण दिसम्बर 2009 में पूरा किया। अपीलीय आदेश का पालन करते समय, निर्धारण अधिकारी ने सीआईटी (ए) द्वारा अनुमत ₹ 1.11 करोड़ की रियायत के बजाय पूरे ₹ 6.67 करोड़ की अननुमत राशि की अनुमति दे दी। त्रुटि के परिणामस्वरूप, ₹ 5.56 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ जिसमें ब्याज सहित ₹ 2.33 करोड़ का कर कम लगाया गया। मंत्रालय ने गलती को स्वीकार किया और *धारा 154 के अन्तर्गत सुधार किया (फरवरी 2010)।*

3.2.5.2 सीआईटी-I जोधपुर प्रभार, राजस्थान में, निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण वर्ष 05 के लिए **जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड** के मामले में दिसम्बर 2010 में अपीलीय आदेश का पालन करते समय, निर्धारिती द्वारा दिसम्बर 2006 मे अपनी हानि की संशोधित रिटर्न प्रस्तुत करते समय दर्शायी गई ₹ 5.90 करोड़ के शुद्ध लाभ की राशि पर विचार नहीं किया। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 5.90 करोड़ तक की हानि की अधिक गणना हुई जिसमें ₹ 2.12 करोड़ का संभावित कर प्रभाव सम्मिलित था।

3.3 कर रियायतों/छूटों/कटौतियों का प्रशासन

3.3.1 अधिनियम अध्याय VI-ए के अन्तर्गत और इसके सुसंगत प्रावधानों के अन्तर्गत व्यय के कुछ वर्गों के लिए निर्धारिती को कुल आय की गणना में रियायतें/छूटें/कटौतियाँ अनुमत की गई हैं। हमने पाया कि निर्धारण अधिकारियों ने उन लाभार्थियों को अनियमित रूप से कर रियायतों/छूटें/कटौतियों के लाभ दिए थे जो इनके हकदार नहीं थे। इन मामलों से आयकर विभाग में कर रियायतों/छूटों/कटौतियों के कर प्रशासन की कमियों का पता चलता है जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। तालिका 3.3 वह उप श्रेणियाँ दर्शाती है जिन्होंने कर रियायतों/छूटों/कटौतियों के प्रशासन को प्रभावित किया है।

तालिका 3.3: कर रियायतों/छूटों/कटौतियों के प्रशासन के अन्तर्गत त्रुटियों की उप-श्रेणियाँ

₹ करोड़ में

उप-श्रेणियाँ		संख्या	टीई	राज्य
क.	मूल्यह्रास/कारोबारी हानियाँ/पूंजीगत हानियाँ अनुमत करने में अनियतताएं	79	706.52	आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल
ख.	अनियमित रियायतें/कटौतियां/छूटें/ राहत	56	266.21	आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल
ग.	कारोबारी व्यय के गलत भत्ते	27	439.99	आंध्र प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल
	जोड़	**162**	**1,412.72**	

3.3.2 मूल्यह्रास और कारोबारी/पूंजीगत हानियों का समंजन और अग्रेषण अनुमत करने में अनियमितताएं

हम ऐसे चार मामले सोदाहरण नीचे दे रहे हैं :

जहाँ हानि प्रासंगिक वर्ष के किसी भी शीर्ष के अन्तर्गत आय के प्रति पूरी तरह से समंजित नहीं हुई तो संमजित न हुई हानि की सीमा तक को अनुवर्ती निर्धारण वर्ष में समंजन के लिए हानि अग्रेषित करने का प्रावधान धारा 72 में है।

3.3.2.1 सीआईटी पटियाला प्रभार, पजांब में, निर्धारण अधिकारी ने जनवरी 2011 में (प्रारंभ में दिसम्बर 2010 में संवीक्षा के बाद पूरे किए गए) निर्धारण वर्ष 09 के लिए **पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड** के निर्धारण का संशोधन किया जिसमें ₹ 5483.60 करोड़ के बजाय ₹ 6148.40 करोड़ की हानि का अग्रेषण अनुमत किया गया। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 664.80 करोड़ की हानि का अधिक अग्रेषण हुआ जिसमें ₹ 225.97 करोड़ का संभावित कर प्रभाव सम्मिलित था। *आयकर विभाग ने धारा 154 के अन्तर्गत गलती का सुधार किया (मई 2011)।*

धारा 73 अन्य प्रत्याशित व्यवसाय के लाभ और मुनाफे के प्रति केवल किसी प्रत्याशित हानि के समंजन का प्रावधान करती है। अन्य कम्पनियों के शेयरों की खरीद और बिक्री के अन्तर्गत स्पष्टीकरण के अनुसार, इसे प्रत्याशित व्यवसाय इस सीमा तक कहा जा सकता है कि व्यवसाय में ऐसे शेयरों की खरीद और बिक्री होती है।

3.3.2.2 सीआईटी-IV मुम्बई प्रभार, महाराष्ट्र में निर्धारण अधिकारी ने ₹ 401.55 करोड़ की आय पर मार्च 2009 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 के लिए मुख्य रूप से शेयर ब्रोकिंग, शेयरों के लेन-देन और व्युत्पन्नों, पब्लिक इशू की मार्केटिंग इत्यादि के व्यवसाय में लगे **कोटक सिक्यूरिटिज़ लिमिटेड** का निर्धारण पूरा किया जिसमें वायदे और विकल्पों से ₹ 105.95 करोड़ की गैर प्रत्याशित आय के प्रति शेयरों के लेन-देन से ₹ 39.37 करोड़ की प्रत्याशित हानि का समंजन अनुमत किया। इसके अलावा, निर्धारण अधिकारी ने शेयरों के लेन-देन के लिए उत्तरदायी ₹ 7.88 करोड़ का व्यय भी अनुमत किया जो सही नहीं था। गैर प्रत्याशित आय के प्रति इसके लिए उत्तरदायी व्ययों सहित प्रत्याशित हानि के समंजन को अस्वीकार करने में चूक के परिणामस्वरूप अधिभार, ब्याज इत्यादि सहित ₹ 47.25 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ जिसमें ₹ 34.30 करोड़ का कर प्रभाव सम्मिलित था। *मंत्रालय ने स्वीकार किया और धारा 148 के अन्तर्गत गलती में सुधार के लिए नोटिस जारी किया।*

धारा 32(2)(बी) अनुवर्ती निर्धारण वर्षों में अनावशोषित ह्रास के समंजन का प्रावधान करती है जो अनुवर्ती निर्धारण वर्ष के तुरन्त बाद के आठ निर्धारण वर्षों से अधिक न हो और जिनके लिए उपरोक्त भत्ते की गणना पहले की गई हो।

3.3.2.3 सीआईटी-I चेन्नई प्रभार, तमिलनाडु में निर्धारण अधिकारी ने "शून्य" आय पर दिसम्बर 2009 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 के लिए **विसाका सीमेंट इन्डस्ट्री लिमिटेड** के निर्धारण को पूरा करते समय, अन्य बातों के साथ-साथ निर्धारण वर्ष 01 और निर्धारण वर्ष 03 के संबंध में क्रमशः ₹ 15.07 करोड़ और ₹ 24.10 करोड़ की हानि को अग्रेषित करने के साथ ₹ 21.48 करोड़ की व्यवसायिक हानि का समंजन अनुमत किया जबकि निर्धारिती ने रिटर्न देय तिथि के बाद भरी थी। इसके अलावा, निर्धारण अधिकारी ने आठ वर्षों से अधिक पुराने निर्धारण वर्ष 2000 के लिए ₹ 16.45 करोड़ का अनवशोषित मूल्यह्रास भी अनुमत किया। चूकों के परिणामस्वरूप, गलत समंजन और ₹ 40.60 करोड़ की व्यवसायिक हानि और ₹ 36.50 करोड़ का अनवशोषित मूल्यह्रास अग्रेषित हुए जिसमें ₹ 25.95 करोड़ का संभावित कर प्रभाव शामिल था।

धारा 32(1) (ii ए) 31 मार्च 2005 के बाद अधिग्रहित और संस्थापित नई मशीनरी या संयंत्र (जहाजों और वायुयानों के अलावा) और जो किसी वस्तु या सामान के निर्माण या उत्पादन के व्यवसाय में लगाई गई हो की वास्तविक लागत के बीस प्रतिशत की निर्धारित दर पर अतिरिक्त मूल्यह्रास का प्रावधान करती है।

3.3.2.4 सीआईटी सम्बलपुर प्रभार, ओडिशा में निर्धारण अधिकारी ने दिसम्बर 2009 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 के लिए कोयले के उत्खनन में लगी **महानदी कोलफील्डस लिमिटेड** का निर्धारण पूरा करते समय कर लेखापरीक्षक के दृष्टिकोण के आधार पर कि कोयला खनन एक निर्माण या उत्पादन प्रक्रिया है, नए संयंत्र और मशीनरी पर ₹ 32.09 करोड़ का अतिरिक्त मूल्यह्रास अनुमत किया। किन्तु खनन कार्य न्यायिक निर्णय[31] के दृष्टिगत निर्माण या उत्पादन प्रक्रिया के रूप में नहीं माना जाता है। इस प्रकार, निर्धारिती अतिरिक्त मूल्यह्रास के लिए योग्य नहीं था। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 32.09 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ जिसमें ₹ 14.36 करोड़ तक का कर कम लगा। *मंत्रालय ने स्वीकार नहीं किया किन्तु धारा 148 के अन्तर्गत गलती में सुधार के लिए नोटिस जारी किया।*

[31] सीआईटी बनाम गोमतेश ग्रेनाइटस (118 टेक्समेन 141) (मद्रास) और लक्की मिनरल्स (प्रा.) लिमिटेड बनाम सीआईटी 226-आईटीआर-245 (राज.)

3.3.3 अनियमित छूटें/कटौतियाँ/रियायतें/राहत

हम एक ऐसा मामला सोदाहरण नीचे दे रहे हैं :

अध्याय VI ए और धारा 10 में निर्धारिती की कुल आय की गणना में कुछ कटौतियों/छूटों का प्रावधान है बशर्ते उसमें दी गई कुछ शर्तों को पूरा किया जाए। धारा 80 आईए में संरचनात्मक विकास में लगे औद्योगिक उपक्रमों या उद्यमों से लाभ या मुनाफे के संबंध में 100 *प्रतिशत* कटौती का प्रावधान है।

3.3.3.1 सीआईटी मध्य हैदराबाद प्रभार, आंध्र प्रदेश में, निर्धारण अधिकारी ने ₹ 78.55 करोड़ की कुल आय को नवम्बर 2008 में धारा 153 (ए) के साथ पठित संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 07 के लिए **नवयुग इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड** के निर्धारण को पूरा किया जिसमें निर्धारिती कम्पनी द्वारा अपनी सहायक कम्पनी से निर्मित सड़क पुल के निर्माण के बिक्री प्रतिफल से प्राप्त ₹ 125 करोड़ की छूट अनुमत की थी। निर्धारिती कम्पनी को सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजना मोड में बीओटी योजना के अन्तर्गत पुल का निर्माण कार्य दिया गया था और स्वयं आंध्र प्रदेश सरकार के पास परिसम्पत्ति का स्वामित्व निहित था, इसकी सहायक कम्पनी को पुल का स्थानातरण सही नहीं था और इस प्रकार ₹ 125 करोड़ के पूरे बिक्री प्रतिफल को कर के शीर्ष "अन्य स्त्रोतों के आय" के अन्तर्गत लाया जाना चाहिए था। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 125 करोड़ के गलत भत्ते की छूट में ₹ 55.45 करोड़ का कम कर लगा। *आयकर विभाग ने यह कह कर आपत्ति को स्वीकार नहीं किया (नवम्बर 2010) कि यह उसकी सहायक कम्पनी को टोल के संग्रहण के अधिकार" के हस्तांतरण का मामला था और इसके परिणामस्वरूप लाभ पर अधिनियम की धारा 47 (iv) के अनुसार कर* नहीं लगेगा। उत्तर इस आधार पर तर्कसंगत नहीं है कि 10.06.1999 को निर्धारिती और आंध्र प्रदेश सरकार के बीच किए गए "समझौते" के पैराग्राफ 1.8 में ऐसे हस्तांतरण का प्रावधान नहीं था।

3.3.4 कारोबारी व्यय की गलत अनुमति

हम ऐसे चार मामले सोदाहरण नीचे दे रहे हैं :

धारा 35 डीडीए में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के लिए भुगतान के माध्यम से किए गए किसी व्यय के पांचवें भाग की कटौती और बकाया का अनुवर्ती पिछले वर्षों के तुरंत बाद प्रत्येक के लिए चार बराबर किश्तों का प्रावधान है।

3.3.4.1 सीआईटी-II कोलकाता, पश्चिम बंगाल में निर्धारण अधिकारी ने "शून्य" आय के लिए अगस्त 2008 (प्रारंभ में दिसम्बर 2006 में संवीक्षा के बाद पूर्ण) मे निर्धारण वर्ष 05 के लिए **हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड** के निर्धारण के संशोधन के समय अन्य बातों के साथ-साथ निर्धारण वर्ष 03 से संबंधित वीआरएस के अन्तर्गत ₹ 84.59 करोड़ का परिशोधित व्यय अनुमत किया। तथापि, मई 2008 में सीआईटी (अपील) के आदेश के आलोक में ₹ 84.59 करोड़ के व्यय को कम करके ₹ 1.45 करोड़ (वीआरएस व्यय का

पाँचवा भाग होने के कारण ₹ 7.27 करोड़ अनुमत किया गया) कर दिया गया है, पर विचार नहीं किया गया था। त्रुटि के परिणामस्वरूप ₹ 83.13 करोड़ के अधिक भत्ते का व्यय हुआ जिसमें ₹ 29.82 करोड़ का संभावित कर सम्मिलित था।

धारा 43बी में कुछ व्ययों के लिए कटौती का प्रावधान केवल तभी है जब आय का रिटर्न फाइल करने की देय तिथि पर या उससे पूर्व उसके पिछले वर्ष में वास्तव में भुगतान किया गया हो।

3.3.4.2 सीआईटी-I चेन्नई प्रभार, तमिलनाडु में निर्धारण अधिकारी ने दिसम्बर 2009 और नवम्बर 2010 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 और 09 के लिए क्रमशः ₹ 1445.17 करोड़ और ₹ 3306.53 करोड़ की हानि पर **तमिलनाडु इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड** का निर्धारण पूरा करते समय व्यय के रूप में ₹ 459.86 करोड़ और ₹ 462.98 करोड़ का विद्युत कर अनुमत किया जबकि निर्धारिती ने सरकार को इसका भुगतान ही नहीं किया था। त्रुटि के परिणामस्वरूप कुल ₹ 922.84 करोड़ के व्यय की गलत अनुमति दी गई जिसमें ₹ 312.16 करोड़ का संभावित कर प्रभाव सम्मिलित था। *मंत्रालय ने गलती को स्वीकार किया और धारा 154 के अन्तर्गत सुधार किया (जनवरी 2012)।*

3.3.4.3 सीआईटी- II मुम्बई प्रभार, महाराष्ट्र में निर्धारण अधिकारी ने दिसम्बर 2010 में निर्धारण वर्ष 09 के लिए **बैंक आफ इंडिया** के निर्धारण को अन्तिम रूप देते समय, छुट्टी नगदीकरण के लिए ₹ 63.17 करोड़ का प्रावधान अनुमत किया जो अप्रदत्त रहा जबकि इसे अनुमत नहीं किया जाना चाहिए था। त्रुटि के परिणामस्वरूप, ₹ 63.17 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ जिसमें ब्याज सहित ₹ 28.56 करोड़ का कर कम लगाया गया था। मंत्रालय *ने स्वीकार किया और धारा 154 के अन्तर्गत गलती का सुधार किया (अप्रैल 2012)।*

धारा 35 ई में किसी खनिज के खनन अथवा उत्पाद की सम्भावना सम्बन्धी वाणिज्यिक गतिविधियों से प्राप्त आय को शून्य तक (धारा 35 ई के अन्तर्गत छूट अनुमत किए जाने से पूर्व) घटाने के लिए व्यय की पर्याप्त कुल राशि के दसवें हिस्से से कम की छूट का प्रावधान है।

3.3.4.4 सीआईटी, आसनसोल प्रभार, पश्चिम बंगाल के निर्धारण अधिकारी ने शून्य आय पर दिसम्बर 2007 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 06 के लिए **ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड** का निर्धारण पूरा करते समय, ₹ 148.20 करोड़ (आर्थिक सहायता, जमा पर ब्याज इत्यादि सहित) की आय के प्रति धारा 35ई के अन्तर्गत ₹ 42.30 करोड़ की कटौती अनुमत की जोकि कटौती के योग्य पूर्वानुमान के लिए, या किसी खनिज की निकासी या उत्पादन से संबंधित कार्य से प्राप्त नहीं थी। कटौती की अनियमित स्वीकृति के परिणामस्वरूप बराबर की राशि की हानि का अधिक अग्रेषण हुआ जिसमें ₹ 15.48 करोड़ का संभावित कर प्रभाव सम्मिलित था। *मंत्रालय ने स्वीकार किया और धारा 147 के अन्तर्गत गलती को सुधारा (दिसम्बर 2010)।*

3.4 चूकों के कारण निर्धारण से बचने वाली आय

3.4.1 अधिनियम एक व्यक्ति की किसी भी पिछले वर्ष की कुल आय को किसी भी स्त्रोत से प्राप्त, वास्तव में प्राप्त या उपार्जित या प्राप्त या उपार्जित मानी जाने वाली सभी आय में सम्मिलित करने का प्रावधान करता है। हमने पाया कि निर्धारण अधिकारियों ने कर के लिए प्रस्तावित कुल आय का निर्धारण नहीं किया/कम निर्धारण किया। तालिका 3.4 उन उप श्रेणियों को दर्शाती है जो आय को निर्धारण से बचाने के कारण बने।

तालिका 3.4: त्रुटियों के कारण निर्धारणों से बचने वाली आय के अन्तर्गत गलतियों की उप श्रेणियाँ

₹ करोड़ में

उप-श्रेणियाँ	सं.	टीई	राज्य
क. विशेष प्रावधान के अन्तर्गत आय का निर्धारण नहीं करना	37	215.00	आंध्र प्रदेश, चण्डीगढ़ (यूटी), दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल
ख. सामान्य प्रावधानों के अन्तर्गत आय का निर्धारण नहीं करना	25	116.54	आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल
ग. पूंजीगत मुनाफे का गलत वर्गीकरण और गणना	4	5.98	केरल, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल
जोड़	**66**	**337.52**	

3.4.2 विशेष प्रावधानों के अन्तर्गत आय का निर्धारण नहीं करना/कम निर्धारण करना

हम ऐसे तीन मामले सोदाहरण नीचे दे रहे हैं :

धारा 115 जेबी में दर्ज लाभ की निर्धारित प्रतिशतता पर एमएटी लगाने का प्रावधान है यदि सामान्य प्रावधानों के अन्तर्गत कुल आय पर देय कर ऐसे कुछ जोड़ और घटा के रूप में निर्धारित करने के बाद प्राप्त दर्ज लाभ की प्रतिशतता से कम हों। 1 अप्रैल 2001 से पूर्वव्यापी प्रभाव के साथ वित्त (सं.2) अधिनियम 2009 द्वारा समाविष्ट धारा 115 जेबी (2) के स्पष्टीकरण 1 में दर्ज लाभ की गणना करते समय लाभ की परिसम्पत्तियों के मूल्य में कमी के लिए प्रावधान के रूप में अलग की गई राशि (यों) को जोड़ने का प्रावधान है। इसी प्रकार, भारत में या विदेश में चुकाए गए आय कर को जोड़ने का भी प्रावधान है।

3.4.2.1 सीआईटी- II मुम्बई प्रभार, महाराष्ट्र में, निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2011 में (प्रारंभ में ₹ 996.97 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2004 में संवीक्षा के बाद पूर्ण) निर्धारण वर्ष 03 के लिए **बैंक आफ इंडिया** के निर्धारण का पुनरीक्षण करते समय सामान्य प्रावधानों के तहत सीआईटी (ए) के आदेश को अधिनियम में संशोधन के दृष्टिगत प्रभावी करते समय विशेष प्रावधानों के अन्तर्गत कर देयता की गणना नहीं की। विभिन्न प्रावधानों को जोड़ने के बाद विशेष प्रावधानों के अन्तर्गत कर देयता सम्पत्ति के मूल्य में कमी की दिशा में डेबिट कर सामान्य प्रावधान के तहत लगाए जाने पर

₹ 86.55 करोड़ के बजाय ₹ 99.83 करोड़ बनता था। विशेष प्रावधानों के तहत लगाए जाने वाले कर में त्रुटि के परिणामस्वरूप एमएटी क्रेडिट की वापसी और धारा 244ए के तहत ब्याज सहित ₹ 46.23 करोड़ का कर कम लगाया गया।

3.4.2.2 सीआईटी- II मुम्बई प्रभार, महाराष्ट्र में निर्धारण अधिकारी ने नवम्बर 2009 में (प्रारंभ में सामान्य प्रावधानों के तहत ₹ 42.54 करोड़ की कुल आय पर मार्च 2005 में संवीक्षा के बाद पूर्ण) ₹ 7.97 करोड़ की दीर्घावधि पूंजीगत हानि सहित ₹ 27.85 करोड़ की हानि पर निर्धारण वर्ष 04 के लिए **इंडसइंड बैंक लिमिटेड** के निर्धारण का पुनरीक्षण करते समय, धारा 254 के अन्तर्गत अपीलीय आदेश का पालन करते समय एमएटी से संबंधित प्रावधानों को लागू नहीं किया। एमएटी से संबंधित विशेष प्रावधानों को लागू करने में त्रुटि के परिणामस्वरूप ₹ 24.99 करोड़ का कर नहीं लग सका। मंत्रालय ने स्वीकार किया और धारा 263 के अन्तर्गत गलती में सुधार किया।

दर्ज लाभ की गणना करते समय आय की राशि के लिए धारा 10 (निर्धारण वर्ष 06 से धारा 10(23जी) के तहत निहित प्रावधान नहीं) या 10ए या 10बी या 11 या 12 के किसी भी प्रावधान को हटाया जा सकता है, यदि ऐसी राशि को लाभ और हानि खाते में क्रेडिट किया जाता है।

3.4.2.3 सीआईटी- II मुम्बई प्रभार, महाराष्ट्र मे निर्धारण अधिकारी ने ₹ 18.59 करोड़ की हानि पर निर्धारण वर्ष 07 के लिए **देना बैंक लिमिटेड** के मुनाफा वसूली की गणना करते समय धारा 154 के तहत परिशोधन के समय मार्च 2010 में ₹ 2.08 करोड़ के इन्फ्रांस्टक्चर बांड पर ब्याज, ₹ 154.36 करोड़ के इन्फ्रास्ट्क्चर अवधि ऋण पर ब्याज कम किया (धारा 10(23जी) के तहत छूट) और ₹ 42.92 करोड़ की मानक परिसम्पत्तियों का प्रावधान कम किया। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 180.77 करोड़ की मुनाफा वसूली का कम निर्धारण हुआ जिसमें ब्याज सहित ₹ 20.09 करोड़ का कम कर सम्मिलित था। मंत्रालय ने स्वीकार किया और धारा 263/253/154 के अन्तर्गत गलती में सुधार किया (फरवरी 2012)।

सामान्य प्रावधानों के तहत आय का निर्धारण न करना/कम निर्धारण करना।

3.4.3 हम ऐसे दो मामले सोदाहरण नीचे दे रहे हैं :

धारा 5 में किसी भी पिछले वर्ष के लिए एक व्यक्ति की कुल आय जिसमें किसी भी स्रोत से प्राप्त सभी आय को सम्मिलित किया जाता है जो कि प्राप्त की गई या प्राप्त मानी गई या जो ऐसे पिछले वर्ष के दौरान उपचित या प्राप्त हुई हो, जब तक कि अधिनियम के प्रावधानों के तहत कर से विशिष्ट रूप से छूट प्राप्त न हो।

3.4.3.1 सीआईटी- IV अहमदाबाद प्रभार, गुजरात में, निर्धारण अधिकारी ने ₹ 417.68 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2008 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 07 के लिए **वोडाफोन एस्सार (गुजरात) लिमिटेड** का निर्धारण पूरा करते समय कुल आय में पूर्व दत्त सेवाओं के लिए उसके उपभोक्ताओं से प्राप्त ₹ 108.52 करोड़ के बिक्री

प्रतिफल को जिसे निर्धारिती कम्पनी ने तुलन विवरण में चालू परिसम्पत्तियों से संबंधित अनुसूची 10 में "अग्रिम आय" (पूर्वदत्त) के रूप में दर्शाया था को सम्मिलित नहीं किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 108.52 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ जिसमें ₹ 48.58 करोड़ का कम कर सम्मिलित था। *आयकर विभाग ने 147 के साथ पठित धारा 143 (3) के तहत गलती में सुधार किया (दिसम्बर 2011)।*

धारा 2(22)(ई) के अनुसार किसी ऐसी कम्पनी जिसमें जनता की अधिक रूचि न हो द्वारा कम्पनी के मतदान में 10 *प्रतिशत* से अधिक के लाभप्रद अंशधारी को या किसी उस व्यक्ति को जिसमें वह व्यापक रूप से रूचि लेती हो को दिया गया ऋण कम्पनी द्वारा प्रदत्त उस सीमा तक लाभांश होगा जहां तक कम्पनी लाभ संग्रहित कर सकती है। ऐसा लाभांश धारा 115ओ के अधीन लाभांश वितरण कर के अध्यधीन नहीं है तथा यह कर योग्य आय है।

3.4.3.2 सीआईटी- I कोलकाता, पश्चिम बंगाल के निर्धारण अधिकारी ने ₹ 23.66 लाख की आय पर दिसम्बर 2009 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 08 के लिए **ज़ेनिटिस टेक्नोलेब (प्रा.) लिमिटेड** का निर्धारण पूरा करते समय ज़ेनिटिस इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड से ₹ 28.56 करोड़ के अग्रिम शेष को निर्धारिती के पास माने गए लाभांश के रूप में नहीं लिया, जबकि ऐसे प्रतिफल हेतु परिस्थितियाँ पूरी तरह से संतोषजनक थीं। त्रुटि के परिणामस्वरूप ₹ 28.56 करोड़ की आय का निर्धारण कम हुआ जिसमें ब्याज सहित ₹ 12.79 करोड़ का कर कम लगाया गया था। *आयकर विभाग ने धारा 144/263 के अन्तर्गत गलती में सुधार किया (दिसम्बर 2011)।*

3.4.4 पूंजीगत लाभ का गलत वर्गीकरण और संगणना

हम एक ऐसा मामला सोदाहरण नीचे दे रहे हैं :

धारा 74 में अनुबंध है कि किसी निर्धारण वर्ष के संबंध में, जहाँ भी पूंजीगत लाभ शीर्ष के अन्तर्गत संगणना का शुद्ध परिणाम हानि हो, पूरी हानि को अगले निर्धारण वर्ष में अग्रेषित किया जाएगा और दीर्घाविधि पूंजीगत परिसम्पत्ति से संबंधित हानि में इसका दीर्घावधि पूंजीगत लाभ के प्रति समंजन होगा।

3.4.4.1 सीआईटी- II मुम्बई प्रभार, महाराष्ट्र में, निर्धारण अधिकारी ने विशेष प्रावधानों के तहत ₹ 136.22 करोड़ के दर्ज लाभ के साथ फरवरी 2008 में धारा 154 के तहत निर्धारण वर्ष 06 (प्रारंभ में ₹ 79.09 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2007 में संवीक्षा के बाद पूर्ण) के लिए **टाटा इन्डस्ट्रीज़ लिमिटेड** के निर्धारण को संशोधित किया और सामान्य प्रावधानों के तहत ₹ 46.45 करोड़ के दीर्घावधि पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) की गणना की। एलटीसीजी की गणना करते समय, निर्धारण अधिकारी ने ₹ 22.82 करोड़ की दीर्घावधि पूंजीगत हानि (एलटीसीएल) का समंजन नहीं किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 22.82 करोड़ के एलटीसीएल का अधिक अग्रेषण हुआ जिसमें ₹ 2.39 करोड़ का संभावित कर प्रभाव सम्मिलित था। *आयकर विभाग ने धारा 154 के अन्तर्गत गलती में सुधार किया (अप्रैल 2011)।*

3.5 कर/ब्याज का अधिप्रभार

3.5.1 हमने पाया कि निर्धारण अधिकारियों ने नौ मामलों में आय का अति निर्धारण किया जिसमें दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, पंजाब और पश्चिम बंगाल में ₹ 35.06 करोड़ का कर अधिक प्रभारित हुआ। हम ऐसा एक मामला सोदाहरण नीचे दे रहे हैं :

3.5.1.1 सीआईटी-एलटीयू प्रभार, दिल्ली में दिसम्बर 2010 में ₹ 406.28 करोड़ की आय पर धारा 154 के तहत, निर्धारण वर्ष 09 (प्रारंभ में ₹ 880.92 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2010 में संवीक्षा के बाद पूर्ण) के लिए **द ओरियंटल इन्श्योरेंस कम्पनी लिमिटेड** के निर्धारण का पुनरीक्षण करते समय, निर्धारण अधिकारी ने ₹ 1.47 करोड़ के टीडीएस का और ₹ 65 करोड़ के अग्रिम कर का लाभ नहीं दिया और धारा 234बी के तहत ₹ 45.57 करोड़ का ब्याज लगाया। गलती के परिणामस्वरूप ₹ 21.94 करोड़ का ब्याज अधि प्रभारित हुआ। *आयकर विभाग ने धारा 154 के अन्तर्गत सुधारात्मक कार्रवाई की (मार्च 2012)।*

अध्याय IV: आय कर और धन कर से संबंधित निर्धारणों का विश्लेषण

क - आयकर

4.1 प्रस्तावना

4.1.1 अध्याय IV में मई और अक्टूबर 2012 के बीच मंत्रालय को जारी ₹ 593.30 करोड़ (₹ 589.31 करोड़ के कमप्रभार वाले 108 मामले और ₹ 3.99 करोड़ के अधिप्रभार[32] वाले सात मामले) के कर प्रभाव वाले आय कर से संबंधित 115 उच्च मूल्य वाले मामलों की चर्चा की गई है। तालिका 4.1 गलतियों और कर प्रभाव की व्यापक श्रेणियों का ब्यौरा दर्शाती हैः

तालिका सं. 4.1: गलतियों और कर प्रभाव की श्रेणी

₹. करोड़

श्रेणी		मामले	कर प्रभाव
क.	निर्धारणों की गुणवत्ता;	40	516.47
ख.	कर रियायत/छूट/कटौती का प्रबंधन;	41	53.90
ग.	चूकों के कारण निर्धारणों से बचा हुआ कर; और	27	18.94
घ.	अन्य-कर/ब्याज का अधि-प्रभार	7	3.99
	जोड	**115**	**593.30**

4.1.2 प्रत्येक व्यापक श्रेणी के अंतर्गत, हम एक ही प्रकार की चूकों को चिन्हित करने के उद्देश्य से उन्हें उप-श्रेणी में दर्शाते हैं। प्रत्येक उप-श्रेणी महत्वपूर्ण मामले (मामलों) के स्पष्टीकरण का अनुसरण करके, अधिनियम क प्रावधानों का उल्लेख करते हुए एक प्रस्तावना के साथ आरंभ होती है।

4.2 निर्धारणों की गुणवत्ता

4.2.1 अधिनियम में स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद भी एओज़ ने निर्धारणों में चूकें की। गलत निर्धारणों के इन मामलों में आईटीडी की तरफ से आंतरिक नियंत्रणों में कमजोरी को दर्शाया गया जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। तालिका 4.2 गलतियों की उप श्रेणियों को दर्शाती है जिन्होंने निर्धारणों की गुणवत्ता को प्रभावित किया।

[32] अधिप्रभार सही आंकड़ों को अपनाने में गलतियों, आय की गणना में अंकगणितीय गलतियों, कर/ब्याज आदि की दरों को गलत लागू करने से संबंधित है।

तालिका 4.2: निर्धारण की गुणवत्ता में गलतियों का ब्यौरा

₹. करोड़

	उप-श्रेणियां	मामले	टीई	राज्य
क.	आय और कर की गणना में अंकगणितीय गलतियाँ	11	503.13	आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक और महाराष्ट्र
ख.	कर, अधिप्रभार आदि की गलत दरों को लागू करना	10	4.89	दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और उत्तर प्रदेश
ग.	ब्याज की उगाही में गलती	18	7.83	आंध्र प्रदेश, चंडीगढ (यूटी), दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और उत्तर प्रदेश
घ.	अधिक या अनियमित प्रतिदायो/प्रतिदायों पर ब्याज	1	0.62	महाराष्ट्र
जोड		**40**	**516.47**	

4.2.2 आय और कर की गणना में अंकगणितीय गलतियाँ

हमने ऐसे तीन निदर्शी मामले नीचे दिए हैं:

धारा 143(3) में प्रावधान है कि एओज़ को सही प्रकार से आय का अवधारण और निर्धारण करना है। विभिन्न प्रकार के दावों के साथ लेखे, अभिलेखों और रिटर्न से संबंद्ध सभी दस्तावेजों की संवीक्षा निर्धारणों में विस्तृत रूप से जांच करनी अपेक्षित है। सीबीडीटी ने इस संबंध में समय-समय पर अनुदेश भी जारी किए हैं।

4.2.2.1 आंध्र प्रदेश सीआईटी-I विशाखापट्नम प्रभार में, एओ ने निर्धारण वर्ष 09 के लिए **विशाखापट्नम पोर्ट ट्रस्ट** का निर्धारण पूरा किया और ₹ 1116.81 करोड़ की वास्तविक राशि के प्रति ₹ 98.33 करोड़ पर कुल आय का अवधारण किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 455.39 करोड़ के कर के कम उद्ग्रहण के साथ ₹ 1018.48 करोड़ की आय की कम संगणना हुई। मंत्रालय ने स्वीकार किया और धारा 154 के अंतर्गत उपचारात्मक कार्रवाई की (जनवरी 2012)।

4.2.2.2 दिल्ली डीआईटी-I प्रभार, में, एओ ने निर्धारण वर्ष 06 और 07 के लिए धारा 144 सी (1) के अंतर्गत सितम्बर 2010 में क्रमशः ₹ 17.50 करोड़ और ₹ 13.29 करोड़ की आय पर **ईएसएस डिस्ट्रीब्यूशन (मॉरीशस) एसएनसी एट कैंपेन** का निर्धारण पूरा किया। दोनों निर्धारण वर्षों में, एओ ने गलती से निर्धारित कर को निर्धारित आय के रूप में लिया और उसी प्रकार कर की गणना की। इस गलती के

परिणामस्वरूप ब्याज सहित ₹ 38.03 करोड़[33] के कर का कम उद्ग्रहण् हुआ। *आईटीडी ने निर्धारण वर्ष 06 के लिए मार्च 2012 में धारा 154 के अंतर्गत गलती में सुधार किया।*

4.2.2.3 महाराष्ट्र सीआईटी-X मुंबई प्रभार में, ₹ 8.8 करोड़ की आय पर दिसम्बर 2010 में संवीक्षा के बाद निर्धारण वर्ष 09 हेतु **श्री प्रभाकर टी. भंडारी** का निर्धारण पूरा करते समय, एओ ने ₹ 3.51 करोड़ के बजाए ₹ 1.21 करोड़ के कर का उद्ग्रहण किया। इस गलती के परिणामस्वरूप ₹ 2.30 करोड़ के कर का कम उद्ग्रहण हुआ।

4.2.3 कर और अधिप्रभार की गलत दरों को लागू करना

उदाहरणस्वरूप नीचे हम एक ऐसा मामला दर्शा रहे हैं:

